॥ ॐ नमः शिवाय ॥

सूत्रकार श्रीराजराजेश्वरानन्दनाथ

शिवशब्दतत्त्वमीमांसा

शिवशब्दतत्त्वसूत्राणि

शिवभाष्यम्

भाष्यकार श्रीराजराजेश्वरानन्दनाथ

शिवार्थविमर्शिनी हिन्दी टीका

टीकाकार श्रीआशुतोषभट्ट

सूत्रमहाभाष्यटीकाविवृतिकारः सर्वतन्त्रस्वतन्त्रः वेदान्तकेसरी

आगमचक्रवर्ती सौरसंहिताप्रकाशकः

श्रीराजराजेश्वरानन्दनाथः (आचार्यराजेशबेञ्जवालः)

शिवशब्दतत्त्वसूत्राणि

जिज्ञासाधिकरणम्

सूत्र १.१

अथातः शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा।

सूत्र १.२

संज्ञात्वमात्रं लोकवेदप्रसिद्धेः।

सूत्र १.३

सूत्रम् १.३ न, श्रुतिविरोधात्, उभयस्वरूपत्वोपपत्तेश्च।

सूत्र १.४

तत्त्वमस्यादिवाक्यवत्सूत्ररूपो हि शब्दः।

शकारार्थनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र २.१

शकारस्तुरीयं ब्रह्म शान्तमद्वैतमिति श्रुतेः।

सूत्र २.२

लयस्थानत्वाच्च शीङः।

सूत्र २.३

न शून्यं जडं वा प्रकाशस्वरूपत्वात्साक्षित्वोपपत्तेश्च।

इकारार्थनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र ३.१.

इकारो मायाशक्तिरनिर्वचनीया।

सूत्र ३.२

इच्छावाचकत्वात्सोऽकामयतेतिवत्।

वकारार्थनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र ४.१

वकारः कार्यप्रपञ्चो विकारसमूहः।

सूत्र ४.२

न परिणामोविवर्तत्वात्रज्जुसर्पवत्।

सूत्र ४.३

वाचारम्भणं मात्रमिति च।

अकारार्थमोक्षनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र ५.१

अकारो निषेधमुखेन तत्त्वबोधकः।

सूत्र ५.२

अध्यारोपापवादाभ्यां शिव एव केवलः।

सूत्र ५.३

नामनामिनोरभेदात्स्मरणमेव निदिध्यासनम्।

॥ इति श्रीराजराजेश्वरानन्दनाथकृता शिवशब्दतत्त्वमीमांसा पूर्णा ॥

उपोद्घात:

ॐ। यस्सगुणरूपेण माययोपासका नामनुग्रहाय कैलासवासीत्यादिरूपं भजते वस्तुतस्तु निर्गुणो यदाऽतमस्तन्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः इति श्रुतिप्रतिपाद्यस्तं स्वमात्रावशेषं परमार्थतत्त्वं शिवपदाभिधेयं नमस्कुर्मः।

तस्यैव शिवशब्दवाच्यस्य पारमार्थिकस्य ब्रह्मणस्तत्त्वं निर्णेतु मियं शिवशब्दतत्त्वमीमांसाऽऽरभ्यते। अस्याश्च मीमांसायाः प्रयोजनं शिवनाम्न एवाध्यारोपापवाद न्यायेन तात्त्विकार्थज्ञानादविद्यानिवृत्तिपूर्वकपरमानन्दप्राप्तिरूपो मोक्षः। अस्य शास्त्रस्य प्रतिपाद्यं विषयस्तु शिव इति पदस्य सगुणवाच्यार्थं पुरस्कृत्य तस्यैव निर्गुणे ब्रह्मणि यल्लक्ष्यार्थतत्त्वं तदेव। अस्य शास्त्रस्य च प्रतिपाद्यस्य शिवशब्दब्रह्मात्मैक्यतत्त्वस्य च प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावस्सम्बन्धः। तया च विद्यया मोक्षस्य प्राप्यप्रापकभावस्सम्बन्धः।

कः पुनरस्य ज्ञानस्य अधिकारी। यः खलु ब्रह्मसूत्रोक्तसाधनचतुष्टयसम्पन्नो नित्यानित्यवस्तुविवेक इहामुत्रार्थफलभोगविरागश्शमदमादिसम्पन्मुमुक्षुत्वं च सन्विशेषतस्सगुणशिवोपासनेन चित्तशुद्धिं गत किन्तु एको हि रुद्रः (श्वेताश्वतर ३।२) शिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४।१८) इत्यादि निर्गुणश्रुतिश्रवणेन ममोपासकः किं सगुण उत निर्गुणः कथं वा सगुणस्य निर्गुणत्वमित्येवंविधेन संशयेन ग्रस्तस्स एवास्स्यां विशिष्टायां पदमीमांसायामधिकारी।

शास्त्रस्यारम्भं प्रथमसूत्रेण सूत्रकारः प्रस्तौति।

शिवार्थ-विमर्शिनी

ओम्। जो सगुणरूपसे स्वकीय मायाद्वारा उपासकोंके अनुग्रह हेतु कैलासवासी इत्यादि रूपोंको ग्रहण करता है, जो वस्तुतः निर्गुण है, **यदाऽतमस्तान्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४.१८)** आदि श्रुतियोंद्वारा प्रतिपाद्य उस चैतन्यमात्र शिवपदवाच्य परमात्मतत्वको हम नमस्कार करते हैं।

उस ही शिवशब्दवाच्य त्रिविधपरिच्छेदशून्य त्रिकालाबाध्य ब्रह्मके तत्वनिर्णय हेतु ही यह शिवशब्दतत्वमीमांसा प्रारम्भ की जाती है। इस मीमांसाका प्रयोजन अध्यारोप-अपवाद न्यायसे 'शिव' पदके तात्विकार्थके ज्ञानद्वारा 'शिव' नामसे ही अविद्यानिवृत्तिपूर्वक परमानन्दप्राप्तिरूप मोक्ष है। शिवशब्दका सगुणब्रह्म रूपी वाच्यार्थ स्वीकार कर उसका ही लक्ष्यार्थ निर्गुणब्रह्म है यह इस शास्त्रका प्रतिपाद्य है। इस

शास्त्र एवं प्रतिपाद्य शिवशब्दवाच्य अद्वितीय ब्रह्मका प्रतिपाद्य-प्रतिपादकभाव सम्बन्ध है। उस विद्या और मोक्षका प्राप्य-प्रापकभाव सम्बन्ध है।

कौन इस ज्ञानका अधिकारी है? ऐसी शंका पर कहते हैं जो ब्रह्मसूत्रोक्त साधनचतुष्टय (नित्यानित्यवस्तुविवेक, इहामुत्रार्थफलभोगविराग, शमदमादिषट्कसम्पत्ति, मुमुक्षत्व) से संपन्न हो, जो विशेषरूपसे सगुणशिवकी उपासनासे चित्तशुद्धिको प्राप्त हो गया हो किन्तु एको हि रुद्रः (श्वेताश्वतर ३.२), शिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४.१८) इत्यादि निर्गुण श्रुतियोंके श्रवणसे मेरा उपास्य सगुण है अथवा निर्गुण? सगुणका निर्गुणत्व कैसे सम्भव है? इत्यादि संशयोंसे ग्रस्त हो वह इस शब्दमीमांसाका अधिकारी है।

शास्त्रका आरम्भ सूत्रकार प्रथमसूत्रसे कर रहे हैं-

॥ शिवशब्दतत्त्वमीमांसा ॥

जिज्ञासाधिकरणम्

सूत्र १.१ अथातः शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा।

अब, यहाँ से 'शिव' शब्द रूपी ब्रह्म की जिज्ञासा का आरम्भ होता है।

महाभाग, भवता यः परिष्कारार्थं लेखः समर्पितः, तत्रस्थितानि सर्वाणि सन्धि-शैथिल्यानि परिहृत्य, कोष्ठकादि-चिह्नानि च अपनीय, शुद्ध-पाणिनीय-मतानुसारेण अहं तं पुनर्लिखामि। अवधानं दीयताम्।

अत्राथशब्द आनन्तर्यार्थः परिगृह्यते न केवलं मङ्गलार्थः। यद्यप्यर्थान्तरप्रयुक्तोऽप्यथशब्दश्श्रुत्यैव मङ्गलप्रयोजनो भवति तथापि मङ्गलमिति तस्य मुख्योऽर्थो न वाक्यार्थे समन्वयाभावात्। अतः प्रकृतानन्तर्यमेव मुख्यम्।

कस्य पुनरानन्तर्यम्। ब्रह्मसूत्रभाष्ये साधनचतुष्टयसम्पत्त्यानन्तर्यमुक्तम्। तस्य च फलं सामान्या ब्रह्मजिज्ञासा। सा च जिज्ञासेष्टसाधनताज्ञानात्स्वतः प्रवर्तते न विधिविषया। इह त्वियं शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा न सामान्या। अपि तु विशिष्टकारणपरम्परानन्तरा जिज्ञासेयम्। सा च परम्परानन्तर्यं दर्श्यते। सगुणोपासनोपासकानन्तर्यम्। ये खलु विशिष्टेन सगुणशिवोपासनेन चित्तशुद्धिं परं वैराग्यं च प्राप्तास्तेषामुपासकानां मनसि यदैको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः (श्वेताश्वतर ३।२) यदाऽतमस्तन्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४।१८) इत्याद्या निर्गुणश्रुतयः कर्णगोचरा भवन्ति तदा महान्संशयः प्रादुर्भवति। यस्याहमुपासकः स कैलासवासी पिनाकपाणिश्शिवः किं केवलं सगुण एव। उत तस्यैव पारमार्थिकं निरुपाधिकं स्वरूपं केवलमस्ति। यदि सगुणः कथं तस्याद्वितीयत्वं केवलत्वं च श्रुतिषु। यदि च निर्गुणः कथं मया सगुणरूपेणोपासना कृता। इत्येवंविधसगुणनिर्गुणसमन्वयविषयकसंशयग्रस्ते चेतस्यथ तदनन्तरमियं शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा प्रवर्तते।

अतश्शब्दो हेतुपरामर्शी। यत एवंविधः पारमार्थिकस्संशय उत्पन्नो यश्च संशयो मुमुक्षुत्वविवेकयोर्दृढतां सूचयत्यत इदानीं तस्य शिव इति शब्दस्य साक्षाद्ब्रह्मण्येव तात्पर्यमिति विचारः कर्तव्यः।

संशयग्रस्तो जिज्ञासुस्सगुणोपासनाजतिसंशयः अयं विशिष्टो विषयः पदस्यैव सूत्ररूपत्वमिदं च विशिष्टं प्रयोजनं स्मरणस्य निदिध्यासनत्वमेतत्सर्वमस्य शिवशब्दतत्त्वमीमांसाशास्त्रस्यारम्भं सार्थकं युक्तिसङ्गतं प्रयोजनवन्तं च करोति।

शिवार्थ-विमर्शिनी

सूत्रमें अथशब्द आनन्तर्य अर्थका द्योतक है केवल मंगलार्थका नहीं। अथ शब्दका श्रवणमात्र ही मंगलकारक है, इस कारण अर्थान्तर हेतु प्रयुक्त हुआ अथशब्द भी मंगलका प्रयोजक होता है (यथा सुवासिनीस्त्री द्वारा घटानयन जलपूर्ति हेतु होते हुए भी दर्शनसे मंगलका प्रयोजक होता है) वाक्यार्थमें मंगलार्थका समन्वय न होनेके कारण अथ शब्दका अर्थ मंगल नहीं है, अतैव आनन्तर्य ही मुख्यार्थ है।

किसके अनन्तर? ब्रह्मसूत्रभाष्यमें शमादि साधनचतुष्टयके अनन्तर ऐसा कथित है, उसका फल सामान्य ब्रह्मजिज्ञासा है। वह जिज्ञासा

इष्टसाधनताके ज्ञानसे स्वतः प्रवृत्त होती है अतैव जिज्ञासा विधेय नहीं है। किन्तु यह शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा सामान्यजिज्ञासा नहीं है अपितु विशिष्टकारणपरम्पराके पश्चात उत्पन्न होती है। उस आनन्तर्यकी परम्पराको दर्शाते हैं- सगुणोपासनाके अनन्तर। जो मायाविशिष्ट सगुणशिवकी उपासनाद्वारा चित्तशुद्धि एवं परम् वैराग्यको प्राप्त कर चुके हैं उन उपासकोंको **जब एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः (श्वेताश्वतर ३.२) यदाऽतमस्तान्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४.१८)** इत्यादि निर्गुणश्रुतियाँ कर्णगोचर होती हैं तब उनके चित्तमें महान् संशय उत्पन्न होता है कि जिसका मैं उपासक हूँ वह कैलासवासी-पिनाकधृक् शिव केवल सगुण है अथवा उसका भी कोई पारमार्थिक निरुपाधिक स्वरूप है। यदि वह सगुण है तो श्रुतियोंमें क्यों उसका अद्वितीयत्व केवलत्व कथित है? यदि वह निर्गुण ही है तो मेरे द्वारा किस प्रकारसे सगुणोपासना की गई है? इस प्रकारसे सगुण-निर्गुणवाक्योंमें समन्वयविषयक संशयसे ग्रस्त चित्तमें ही यह शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा प्रवृत्त होती है। [विशिष्टकारणपरम्परानन्तरा इत्यादि भाष्यवाक्यके द्वारा भाष्यकारने **शिवपदस्यतात्पर्यं प्रसिद्धमप्रसिद्धं वा? यदि प्रसिद्धं न जिज्ञासितव्यम्। अथाप्रसिद्धं नैव शक्यं जिज्ञासितुम्।** इस शंकाका भी समाधान किया है, अर्थात् शिवपदके सामान्य कैलासवासी-पिनाकधारी आदि अर्थ तो संसारमें प्रसिद्ध ही हैं किन्तु विशेष-अर्थके विषयमें विप्रतिपत्ति है अतैव यह जिज्ञासा कर्तव्य है।]

अत शब्द हेतुका बोधक है, जो इस प्रकारका महान संशय उत्पन्न हुआ है, जो संशय मुमुक्षत्व और विवेककी दृढ़ताको सूचित करता है 'अत' अब उस शिव इस शब्दका साक्षात ब्रह्मही तात्पर्य है यह विचार करना चाहिए। संशयग्रस्त जिज्ञासुओंका सगुणोपासनाद्वारा उत्पन्न संशय यहाँ विशिष्ट विषय है, शिव पदका सूत्ररूप होना विशिष्टप्रयोजन है, स्मरणका निदिध्यासनरूपी होना आदि सभी विषय शिवशब्दमीमांसाशास्त्रका आरम्भ सार्थक युक्तिसंगत और प्रयोजनवान बनाते हैं।

सूत्र १.२ संज्ञात्वमात्रं लोकवेदप्रसिद्धेः।

यह [शिव] केवल एक संज्ञा मात्र है, क्योंकि लोक और वेद में इसकी ऐसी ही प्रसिद्धि है।

ननु यदुक्तं सूत्रे शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा कर्तव्येति तन्नोपपद्यते। कथम्। प्रथमं तावत्पृथक्शास्त्रारम्भस्यैव वैयर्थ्यात्। शिव इति शब्दस्य ब्रह्मणि तात्पर्यमस्ति वा नास्तीति संशये सति तस्य निराकरणमुत्तरमीमांसा ब्रह्मसूत्रशास्त्रेणैव सिद्ध्येत्। यथाकाशस्तल्लिङ्गात् (ब्रह्मसूत्र १।१।२२) इत्यादि न्यायैराकाशादिशब्दानां ब्रह्मणि तात्पर्यं स्थापितं तथैव शिवशब्दस्यापि भवेत्। व्याकरणनिरुक्तादिभ्यश्च शब्दार्थो ज्ञायत एव। यतो हि पूर्वप्रवृत्तैश्शास्त्रैरेव संशयनिरसस्सम्भवत्यत इदं शिवशब्दतत्त्वमीमांसाशास्त्रमनर्थकं व्यर्थं च।

द्वितीयं च सञ्ज्ञात्वमात्रं हि शिवशब्दस्य। अस्तु तावच्छास्त्रम्। किन्त्वस्य विषयश्शिवशब्दो ब्रह्म भवितुं नार्हति। शिव इति शब्दः कस्यचिद्देवताविशेषस्य सञ्ज्ञामात्रं नाम मात्रं न तु तस्य किमपि यौगिकं पारमार्थिकं वा तत्त्वार्थरूपं सम्भवति। मात्रग्रहणं यौगिकार्थस्य तत्त्वार्थस्य च निराकरणार्थम्।

कुत एतदवगम्यते। लोकवेदप्रसिद्धेः। लोके वेदे च तस्य तथा प्रसिद्धत्वात्। तत्र लोकप्रसिद्धिस्तावत्। यदा शिव इति शब्दः प्रयुज्यते तदा लौकिकानां मनसि कैलासवासी पार्वतीशस्त्रिशूलपाणिरित्यादिविशिष्टरूपधारी देवताविशेष एवोप तिष्ठते न तु निर्विशेषं ब्रह्म। शब्दार्थावधारणं हि लोकव्यवहाराधीनम्। यथा गौरित्युक्ते सास्नादिमान्पदार्थविशेष एव प्रतीयते रूढ्या न तु गमनक्रियां कुर्वन् कश्चिदपि पदार्थो यौगिकार्थेन। तथैव शिव इति शब्दोऽपि रूढ्या देवताविशेष एव पर्यवस्यति।

वेदप्रसिद्धिस्तु। वेदेऽपि च विशेषत उपासनाकाण्डे स्मृतिपुराणेषु च शिवस्योपास्यत्वं वरदातृत्वं च प्रतिपाद्यते। रुद्राय ते नम इत्यादि मन्त्रवर्णास्तस्योपास्यदेवतात्वं स्पष्टीकुर्वन्ति। यदि शिवशब्दो निर्विशेष ब्रह्मवाची स्यात्तर्ह्युपास्योपासकभावस्योच्छेदः प्रसज्येत। एवं सति सकलस्योपासनाकाण्डस्य वैयर्थ्यं स्यात्।

तस्मादस्य शास्त्रस्य व्यर्थत्वाद् विषयस्य च शिवशब्दस्य रूढ्या सञ्ज्ञामात्रत्वात्तस्य निर्विशेषब्रह्मपरत्वं कल्पयितुं न शक्यते। अतश्शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा न कर्तव्या यतो हि साप्रमाणिकी कल्पनामात्रमिति पूर्वपक्षः।

शिवार्थ-विमर्शिनी

सूत्रमें जो कहा गया है कि शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा करनी चाहिए वह ठीक नहीं। प्रकृत् विषयमें पृथक् शास्त्रका आरम्भ करना ही व्यर्थ है। शिव इस शब्दका ब्रह्ममें तात्पर्य है अथवा नहीं ऐसा संशय होने पर उसका निराकरण उत्तरमीमांसामें प्रदत्त सूत्रोंसे ही हो जाता है, यथा '**आकाशस्तल्लिङ्गात्**' **(ब्रह्मसूत्र १.१.२२)** इत्यादि न्यायोंसे आकाशादि शब्दोंका ब्रह्ममें तात्पर्य निर्धारित है, उस प्रकार समान न्यायोंसे

शिवशब्दका तात्पर्य निर्धारण भी संभव है। व्याकरण-निरुक्त इत्यादि शास्त्रोंद्वारा शब्दका रूढ़-यौगिक अर्थ ज्ञात होता ही है अतैव पूर्वप्रवृत्त शास्त्रोंसे ही संशयका निरास सम्भव होने पर पृथक् शिवशब्दमीमांसाशास्त्रका आरम्भ व्यर्थ है।

इस विषयमें दूसरा हेतु है कि शिवशब्दका संज्ञामात्र होना प्रसिद्ध है। शास्त्र आरम्भणीय हो किन्तु इसका विषय शिवशब्दका तात्पर्य निर्विशेषब्रह्म होना सम्भव नहीं है। शिव शब्द देवताविशेषकी संज्ञा (नाममात्र) है, उसका कोई भी यौगिक पारमार्थिक तात्विक स्वरूप संभव नहीं है। सूत्रमें मात्रका ग्रहण यौगिकार्थ एवं तत्वार्थके निराकरण हेतु है।

यह कैसे ज्ञात होता है? उत्तर है लोकवेदप्रसिद्धेः। लोक और वेदमें शिवशब्द की देवताविशेष रूपसे ही प्रसिद्धि है। लोकप्रसिद्धिका प्रकार प्रदर्शित करते हैं- जब लोकमें शिव यह शब्दप्रयोग होता है तो लोगोंके मनमें कैलासवासी,पार्वतीश,त्रिशूलधारी इत्यादि विशिष्टरूपोंको धारण करने वाला देवताविशेष ही उपस्थित होता है निर्विशेष ब्रह्म नहीं। शब्दार्थका अवधारण लोकव्यवहारके अधीन है जैसे गो ऐसा कहने पर गलकम्बलकी आकृति वाला पशुविशेष ही रूढ़्यर्थ द्वारा प्रतीत होता है न कि गच्छतीति गौः इस व्युत्पत्तिके अनुसार कोई भी गमन् क्रियावान् पदार्थ। इस कारण शिव इस शब्दका रूढअर्थ देवताविशेषमें ही पर्यवसित होता है।

वेदमें भी विशेषतः उपासनाकाण्डमें एवं स्मृतिपुराणादिमें भी शिवका उपास्यत्व एवं फलप्रदातृत्व बताया गया है। रुद्राय ते नम इत्यादि मन्त्रवर्ण शिवका उपास्य देवता होना स्पष्ट करते है। यदि शिवशब्द निर्विशेषब्रह्मका वाचक हो तो उपास्य-उपासक भावका ही उच्छेद हो जाएगा ऐसा होना पर सम्पूर्ण उपासनाकाण्डका वैयर्थ्य सिद्ध होगा।

इस कारण प्रकृत् शास्त्रके व्यर्थ होने पर, शिवशब्द रूपी विषयके रूढ़िसे संज्ञामात्र होने पर निर्विशेषब्रह्मरूपी अर्थ कल्पित नहीं हो सकता। इस कारण शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा कर्तव्य नहीं है क्योंकि वह अप्रामाणिक और कल्पनामात्र है।

सूत्रम् १.३ न, श्रुतिविरोधात्, उभयस्वरूपत्वोपपत्तेश्च।

नहीं, क्योंकि यह [पूर्वपक्ष] श्रुति के विरुद्ध है, और [शिव शब्द का] उभय-स्वरूप (सगुण और निर्गुण) होना संभव है।

अत्रोच्यते यत्पूर्वपक्षिणा सूत्र १।२ मध्ये उक्तं शास्त्रस्य वैयर्थ्याच्छिवशब्दस्य च सञ्ज्ञात्वमात्रत्वादियं शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा न कर्तव्येति तन्न युक्तम्। तत्सर्वं परिह्रियते।

प्रथमं तावद्यदुक्तं शास्त्रवैयर्थ्यं तन्न। कुतः। विषयभेदात्। उत्तरमीमांसा ब्रह्मसूत्रं हि वाक्यमीमांसास्ति। आकाशस्तल्लिङ्गात् (ब्रह्मसूत्र १।१।२२) इत्यादिषु लिङ्गबलेन सर्वकारणत्वादिचिह्नबलेन वाक्यानां ब्रह्मणि तात्पर्यं स्थापयति। इदं शास्त्रं तु पदमीमांसास्ति। अत्र शिव इति पदं स्वयमेव तत्त्वमसीति महावाक्यवत्सूत्ररूपेणाध्यारोपापवादमुखेन ब्रह्म प्रतिपादयति। अयं विशिष्टो विषय उत्तरमीमांसाऽविषयः। अतश्शास्त्रारम्भस्सारथकः।

यच्च मुख्यं दूषणमुक्तं सञ्ज्ञात्वमात्रं लोकवेदप्रसिद्धेरिति तदपि न। कुतः। श्रुतिविरोधात्। यदि शिवशब्दः केवलं कैलासवासिनं परिच्छिन्नं देवताविशेषमेव वदेत्तस्य च निर्गुणेन ब्रह्मणा सह कश्चिदपि सम्बन्धो न स्यात्तर्ह्यनेकाश्श्रुतयो विरुध्येरन्। तथा हि यदाऽतमस्तन्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४।१८) इति प्रपञ्चोपशमे शिवतत्त्वस्य केवलत्वमद्वितीयत्वं निर्गुणत्वमाम्नायते। तथा च शान्तं शिवमद्वैतं (माण्डूक्य ७) इति शिवशब्दस्साक्षादद्वैततत्त्वरूपेणोच्यते। परिच्छिन्नस्य सगुणस्य च केवलत्वमद्वैतत्वं च व्याहतम्। अतः पूर्वपक्षस्साक्षाच्छ्रुतिविरुद्धः।

ननु यद्येवं तर्हि पूर्वपक्षिण उपासनाकाण्डवैयर्थ्यदोषः कथं परिह्रियते। किञ्च यतो वाचो निवर्तन्ते (तैत्तिरीय २।९।१) इति श्रुतेर्निर्गुणं ब्रह्म शब्दस्य वाच्यं मुख्यवृत्तिविषयो न भवितुमर्हति।

अत्र समाधानम्। उभयस्वरूपत्वोपपत्तेश्च। च शब्दश्श्रुतिविरोधं पूर्वपक्षहेतुं च समुच्चिनोति। सत्यम्। शिवशब्दस्य मुख्या वृत्तिर्वाच्यार्थस्सगुणब्रह्मणि कैलासवासिन्युपास्यदेवताविशेष एवस्ति। पूर्वपक्षिणो लोकवेदप्रसिद्धिरेति हेतुं वयं स्वीकुर्मः। किन्तु पूर्वपक्षी मात्रपदं प्रयुज्य तस्यार्थं तत्रैव समापयति। वयं तु वदामस्तस्य सगुणरूपस्य यदधिष्ठानभूतं पारमार्थिकं स्वरूपमस्ति तल्लक्षणया implication बोध्यते। कथम्। यथा तत्त्वमसीति महावाक्ये तत्पदवाच्यस्येश्वरस्य त्वं पदवाच्यस्य जीवस्य चोपाधिभागं परित्यज्य भागत्यागलक्षणया शुद्धं चैतन्यमेव लक्ष्यते तथैव शिव इति पदं तत्पदस्थानीयम्। शिवपदस्य वाच्यार्थो मुख्या वृत्तिः कैलासवासित्वादिमायोपाधिविशिष्टं सगुणं ब्रह्म। शिवपदस्य लक्ष्यार्थो लक्षणया प्राप्तस्तदेवोपाधिरहितं शुद्धं चैतन्यं निर्गुणं ब्रह्म यश्शिव एव केवल इति श्रुत्या प्रतिपाद्यते। एवमुभयस्वरूपत्वमुपपद्यते। वाच्यार्थेन मुख्यवृत्त्या स सगुण उपासनाकाण्डस्य विषयः। लक्ष्यार्थेन भागत्यागेन स निर्गुणो ज्ञानकाण्डस्य विषयः। अत उपासनाकाण्डस्य न वैयर्थ्यं ज्ञानकाण्डस्य च श्रुतिभिर्न विरोधः। तस्माद्यदुक्तं सूत्र १।२ सञ्ज्ञात्वमात्रमिति तद्धेयम्। शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा युक्ता एव।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वपक्षी द्वारा पूर्वसूत्रमें जो शास्त्रका वैयर्थ्य एवं शिवशब्दका संज्ञामात्र होनेके कारण शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा कर्तव्य नहीं है कहा गया था वह युक्त नहीं है, उसका परिहार किया जाता है।

प्रथमतः जो कहा गया था कि शास्त्रका वैयर्थ्य है वह ठीक नहीं। पूर्ववृत्त शास्त्रोंमें एवं प्रकृत् शास्त्रमें विषयभेद है। उत्तरमीमांसा वाक्यमीमांसा है आकाशस्तल्लिङ्गात् इत्यादि सूत्रोंमें सर्वकारणत्वादि लिंगद्वारा वाक्योंका ब्रह्ममें तात्पर्यनिश्चय किया गया है। प्रकृत् शास्त्र पदमीमांसा है। यहाँ शिव यह पद तत्वमसि इत्यादि वाक्योंकी भांति सूत्ररूपसे अध्यारोप-अपवाद न्याय द्वारा ब्रह्मका ही प्रतिपादन करता है यह निरूपित है। यह विशिष्टविषय वेदान्तसूत्रोंका विषय नहीं है अतैव शास्त्रका आरम्भ सार्थक है।

यह जो मुख्यदूषण कहा गया है कि शिवशब्दका संज्ञामात्र होना ही लोक एवं वेदमें प्रसिद्ध है वह भी श्रुतिविरोधके कारण ठीक नहीं। यदि शिवशब्द केवल कैलासवासी परिच्छिन्न देवताविशेषको ही बताता है एवं उसका निर्गुणब्रह्मके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है तो अनेकों श्रुतियोंके साथ विरोध होगा। **यदाऽतमस्तान्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः (श्वेताश्वतर ४.१८)** श्रुतिमें प्रपञ्चका नाश हो जाने पर शिवतत्वका केवलत्व (अविद्याविकल्पशून्यत्व) अद्वितीयत्व एवं निर्गुणत्व कहा गया है एवं **शान्तं शिवमद्वैतं (माण्डूक्य ७)** में शिवशब्दको साक्षात ही अद्वैततत्व रूप से कहा गया है। परिच्छिन्न एवं सगुण वस्तुका अविद्यारूपी विकल्पसे रहित होना और अद्वैततत्व बाधित है। अतैव पूर्वपक्ष साक्षात् श्रुतिविरुद्ध है।

यदि शिवशब्द निर्गुणका वाचक है तो पूर्वपक्षी द्वारा कथित उपासनाकाण्डका वैयर्थ्य रूपीदोष कैसे दूर होगा? **यतो वाचो निवर्तन्ते (तैत्तिरीय २.९.१)** इस श्रुतिमें जो निर्गुणब्रह्म शब्दका वाच्य नहीं हो सकता कथित है, वह कैसे उपपन्न होगा?

इसका समाधान है। उभयस्वरूप (सगुण-निर्गुण) होना संभव है। च शब्द श्रुतिविरोध एवं पूर्वपक्षका निराकरण करता है। यह सत्य है कि शिवशब्दकी मुख्यवृत्तिका वाच्यार्थ सगुणब्रह्म कैलासवासी उपास्य-देवताविशेष ही है। पूर्वपक्षी द्वारा जो लोकवेदप्रसिद्धि हेतु दिया गया है वह हमे स्वीकार्य है। किन्तु पूर्वपक्षी मात्र पदके प्रयोगसे शिवशब्द के अर्थको मात्र सगुणपरक मानकर उपरत हो जाता है। हम कहते हैं कि सगुणस्वरूपका जो अधिष्ठानभूत पारमार्थिकस्वरूप है वह शिवशब्दके द्वारा लक्षणावृत्ति द्वारा बोधित होता है। जैसे तत्वमसि महावाक्यमें तत्पदवाच्य ईश्वर एवं त्वंपदवाच्य जीवका विशेषणभाग त्यागकर भागत्यागलक्षणा द्वारा शुद्धचैतन्यमात्रका ही ग्रहण किया जाता है उस प्रकार ही वह शिव पद भी तत्पदस्थानीय है। शिवपदका वाच्यार्थ मुख्यवृत्तिसे कैलासवासी आदि मायोपाधिक सगुणब्रह्म है, शिवपदका लक्ष्यार्थ उपाधिरहित,शुद्धचैतन्य, निर्गुणब्रह्म जिसे शिव एव केवल इत्यादि श्रुतियोंमें प्रतिपादित किया गया है वह है। इस प्रकार सगुण एवं निर्गुण उभयस्वरूपोंकी उपपत्ति हो जाती है। वाच्यार्थके द्वारा वह सगुणब्रह्म उपासनाकाण्डका विषय है, लक्ष्यार्थके द्वारा वह निर्गुणब्रह्म ज्ञानकाण्डका विषय है। अतैव उपासनाकाण्डका वैयर्थ्य एवं ज्ञानकाण्डका श्रुतिविरोध नहीं है। अतः पूर्वपक्षी द्वारा जो पूर्वसूत्रमें कहा गया था वह हेय है, शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासा युक्त ही है।

सूत्र १.४ तत्त्वमस्यादिवाक्यवत् सूत्ररूपो हि शब्दः।

[शिव] शब्द वास्तव में 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों के समान ही एक सम्पूर्ण सूत्र है।

पूर्वपक्षे निराकृते सतीदानीमस्याश्शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासायाः किं प्रयोजनं किं वा महत्त्वमित्युच्यते।

शिव इति शब्दः सूत्ररूपो हि। हि शब्दोऽवधारणे। सूत्ररूप एव न तु केवलं सञ्ज्ञामात्रम्। सूत्रस्य लक्षणं हि अल्पाक्षरमसंन्दिग्धं सारवद्विश्वतोमुखमित्यादि। तथैवायम् शिवशब्दस्स्वल्पेषु वर्णेष्वनन्तं वेदान्तार्थं निगूह्य तिष्ठति।

कथमस्य सूत्ररूपत्वम्। यथा वेदान्तशास्त्रस्य निष्ठा अध्यारोपापवादप्रक्रियायां वर्तते तथैवायम् शिवशब्दस्स्वयमेव तां समस्तां प्रक्रियां सूत्ररूपेण धारयति। तत्रेदं विवेचनीयम्। वेदान्तसिद्धान्तोऽध्यारोपापवादाभ्यां निष्पद्यते। अध्यारोपस्नामातस्मिंस्तद्बुद्धिर्यथा रज्जौ सर्पबुद्धिस्तथैव ब्रह्मणि प्रपञ्चस्यारोपः। अपवादो नाम रज्जुज्ञानेन सर्पबाधवद् ब्रह्मज्ञानेन प्रपञ्चस्य बाधो निषेधः।

अयम् शिवशब्दस्तस्यैव प्रक्रियायास्साक्षात्प्रतीकः। कथम्। शकारः। सः अधिष्ठानस्य नित्यशुद्धस्य ब्रह्मणो बोधको यस्सर्वं खल्विदं ब्रह्मेत्यत्र परमं सत्यम्। इकारवकारौ। तौ अध्यारोपितस्य प्रपञ्चस्य बोधकौ। तत्रेकारः कारणरूपाया मायाशक्तेर्वकारश्च कार्यरूपस्य विश्वस्य प्रतीकः। अकारस्सर्वेषु व्यञ्जनेष्वनुस्यूतः। स चापवादस्यार्था न्नेति नेतीति निषेधस्य प्रतीकः। स इकारवकाररूपयोर्नामरूपयोर्बाधं कृत्वाधिष्ठानभूतं केवलं शकारतत्त्वमेवाव शिनष्टि।

एवं च यथैव वेदान्तशास्त्रमध्यारोपापवादमुखेन ब्रह्मप्रतिष्ठां करोति तथैव शिव इति एकं पदमेव तत्सम्पूर्णं दर्शनं सूत्ररूपेण वदति।

अतः प्रयोजनमिदम्। यदा साधकोऽस्य शब्दस्य न केवलं वाच्यार्थं मङ्गलकारिणमपित्वनेन सूत्ररूपेण प्रतिपादितं तात्त्विकार्थमध्यारोपापवादप्रक्रियां जानाति तदा तस्य मननं निदिध्यासनं च साक्षाद्ब्रह्मात्मैक्यबोधाय कल्पते। तस्य फलं चाविद्यानिवृत्तिपूर्वकपरमानन्दप्राप्तिरूपो मोक्ष एव।

तस्मादियं जिज्ञासा न केवलं शाब्दिकक्रीडाऽपितु वेदान्तसारवद्गम्भीरा प्रयोजनवती च इति सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वपक्षका निराकरण हो जाने पर शिवशब्दब्रह्मजिज्ञासाका क्या प्रयोजन एवं क्या महत्व है यह कहा जाता है।

शिव यह शब्द सूत्ररूप ही है। एव शब्द अवधारण अर्थमें प्रयुक्त है। यह सूत्ररूप है केवल संज्ञामात्र नहीं। सूत्रका लक्षण कहा गया है कि-**अल्पाक्षरमसन्दिन्धंः सारवद् विश्वतोमुखम्। अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सुत्रविदो विदुः । (पाराशरोपपुराण १८.१३)** ‘जो अल्पाक्षर एवं असंदिग्ध हो कम शब्दोंमें ही अधिक-अर्थ को कहने वाला हो’ इत्यादि उस प्रकार ही यह शिवशब्द स्वल्पवर्णोंमें अनन्त-वेदार्थको सन्निहित किए हुए हैं।

कैसे शिवशब्दका सूत्ररूपत्व है? जिस प्रकार वेदान्तशास्त्रकी निष्ठा अध्यारोप-अपवाद प्रक्रियामें है वैसे ही शिवशब्द स्वयं ही उस समस्त प्रक्रिया को सूत्ररूपमें धारण करता है। यह विवेचनीय है कि अध्यारोप अपवाद द्वारा वेदान्तसिद्धांत निष्पन्न होता है, अध्यारोपका अर्थ है अतत् पदार्थमें तत्बुद्धि जैसे रज्जुमें सर्पबुद्धि एवं ब्रह्ममें प्रपंचका आरोप। अपवादका अर्थ है रज्जुज्ञानसे सर्पके बाधके समान ब्रह्मज्ञानसे प्रपञ्चका बाध।

यह शिवशब्द कथित प्रक्रियाका साक्षात् बोधक है, शकार सर्वं खल्विदं ब्रह्म आदि श्रुतिमें बोधित परमसत्य, अधिष्ठान नित्यशुद्धब्रह्मका बोधक है। इकार और वकार अध्यारोपित प्रपञ्चके बोधक हैं। इकार कारणरूपा मायाशक्ति एवं वकार कार्यरूप प्रपञ्चका वाचक है। सभी व्यंजनोंमें अनुस्यूत अकार अपवाद अर्थका वाचक अर्थात् नेति नेति इस निषेध का प्रतीक है। वह इकारवकार नामरूपादिका बाधकर अधिष्ठानभूत शकारतत्वही अवशिष्ट रहता है। इस प्रकारसे जैसे वेदान्तशास्त्र अध्यारोप-अपवाद प्रक्रियाद्वारा ब्रह्मका बोध कराता है उस प्रकार ही ही शिव यह एकपद वह प्रक्रिया सूत्ररूपसे दर्शाता है।

अतैव शास्त्रका प्रयोजन है कि साधक जब शिव शब्दका केवल मंगलकारी आदि वाच्यार्थ नहीं अपितु सूत्रोंसे प्रतिपादित तात्विकार्थ अध्यारोप-अपवाद प्रक्रिया द्वारा जानता है तब उसका मनन एवं निदिध्यासन साक्षात् ब्रह्मबोधमें ही विनियुक्त होता है। उसका फल अविद्यानिवृत्तिपूर्वक परमानन्दकी प्राप्तिरूप मोक्ष है।

अतैव यह जिज्ञासा केवल शब्दक्रीडा नहीं अपितु वेदान्तसाररूप होने के कारण अत्यन्त गम्भीर और सप्रयोजन है।

॥ इति जिज्ञासाधिकरणं समाप्तम् ॥

शकारार्थनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र २.१. शकारस्तुरीयं ब्रह्म शान्तमद्वैतमिति श्रुतेः।

शकार तुरीय ब्रह्म है, क्योंकि "शान्तम्, शिवम्, अद्वैतम्" ऐसी श्रुति है।

पूर्वाधिकरणे १।४ शिव इति शब्दस्याध्यारोपापवादप्रक्रियायास्सूत्ररूपत्वं प्रतिज्ञातम्। तत्र प्रक्रियायां यत्प्रथमं तत्त्वं यच्च सर्वस्याधिष्ठानं तस्य शकारस्यार्थोऽधुना विचार्यते।

अत्र सूत्रकार आह शकारस्तुरीयं ब्रह्म इति। जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिरूपास्तिस्रोऽवस्थाः प्रसिद्धाः। ताभ्यः परं यदवस्थात्रयसाक्षिभूतं नित्यं शुद्धं बुद्धं मुक्तस्वभावं चैतन्यं तदेव तुरीयं ब्रह्मेत्युच्यते। स एव सर्ववेदान्तानां परमं तात्पर्यम्। अयं शकारो यदधिष्ठानरूपस्तस्यैव तुरीयस्य ब्रह्मणो बोधकः।

ननु कथमेतदवगम्यते यच्छकारमात्रेणैतावान्गम्भीरोऽर्थस्सूच्यते। तत्राह शान्तमद्वैतमिति श्रुतेः। श्रुतिर्ह्यत्र प्रमाणम्। माण्डूक्योपनिषदि तुरीयस्य स्वरूपनिरूपणे श्रूयते नान्तःप्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञमदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः (माण्डूक्य ७) इति।

अत्र श्रुतिस्तुरीयपदार्थं शान्तमद्वैतमिति च विशिनष्टि। शान्तम्। यस्मिन् सर्वोऽपि द्वैतप्रपञ्चस्सर्वाश्च वृत्तय उपशाम्यन्ति तत्शान्तम्। तरङ्गाणामिव समुद्रे सकलविकाराणां यत्रोपशमस्तत्परमं शान्तम्। अद्वैतम्। यस्मिन्ज्ञाताज्ञेयज्ञानरूपा त्रिपुटी नास्ति यत्र द्वितीयस्य सर्वथाऽभावस्तदद्वैतम्।

किञ्च श्रुतिस्तदेव तत्त्वं शिवम इत्यप्याह्वयति। अनेन तु साक्षादेव शिवशब्दस्य तस्य घटकशकारस्य च पारमार्थिकस्वरूपेण सह सम्बन्धः प्रदर्श्यते। अतस्माकं कल्पना न केवला क्लिष्टाऽपितु श्रुतिमूलैव। यच्छिवं अर्थात् परममङ्गलस्वरूपं तदेवमद्वैतं शान्तं च। दुःखाभावो हि मङ्गलम् तच्च द्वैताभावे एव सिद्धम्।

अपरं च शीङ् स्वप्ने इति धातोश्शकारस्य निष्पत्तिः। यस्मिन्परमतत्त्वेऽयं सर्वः प्रपञ्चस्स्वपिति अर्थात् स्वकारणे मायायां लीनो भूत्वा शेते तदेव तत्त्वं शकारपदवाच्यम्। तस्माच्छ्रुतिप्रमाणाद्यौगिकार्थाच्च शिवनामघटकः प्रथमश्शकारोऽवस्थात्रयातीतस्य सर्वप्रपञ्चाधिष्ठानस्य शान्तस्याद्वैतस्य तुरीयस्य ब्रह्मण एव बोधक इति सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्व-अधिकरण अंतिमसूत्रमें जो शिव इस पदका अध्यारोप-अपवादप्रक्रिया द्वारा सूत्ररूपत्व कहा गया था उस प्रक्रियाका जो पहला तत्व जो सर्वाधिष्ठान है उस शकारार्थका अब विचार किया जा रहा है।

यहाँ पर सूत्रकार कहते हैं कि शकार तुरीयब्रह्म है। जाग्रतस्वप्नसुषुप्तिरूप तीन अवस्थाएँ लोकप्रसिद्ध हैं। उनसे परे जो अवस्थात्रयका साक्षीभूत नित्यशुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभावका चैतन्य है वह ही तुरीयब्रह्म कहा जाता है। वह ही सभी वेदान्तोंका परम तात्पर्य है। यह शकार जो अधिष्ठानरूप तुरीयब्रह्म है उसका ही बोधक है।

शकार पदद्वारा इतना गंभीर अर्थ सूचित होता है यह कैसे ज्ञात होता है? इसके उत्तरमें कहते हैं शान्तमद्वैतमिति श्रुतेः। श्रुतिही इस विषयमें प्रमाण है। माण्डूक्योपनिषदमें तुरीय ब्रह्मका स्वरूपनिरूपण श्रुत होता है-**नान्तःप्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञमदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यं... प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः। (माण्डूक्य ७) य**हाँ श्रुति तुरीयपदार्थको शान्त एवं अद्वितीय कहती है। शान्तम्- यस्मिन् सर्वोऽपि द्वैतप्रपञ्चस्सर्वाश्च वृत्तयः उपाशाम्यन्ति तत्शान्तम् (जिसमें समस्त द्वैतप्रपञ्च सभी वृत्तियाँ उपशमनको प्राप्त हो जाती है वह शांतपदवाच्य है)। जिस प्रकारसे तरंगे समुद्रमें शांत हो जाती हैं उस प्रकार ही समस्त नामरूपात्मक विकार जिसमें शान्त हो जाएँ वह शान्तपदवाच्य है। अद्वैतम्- जिसमें ज्ञाता-ज्ञेय-ज्ञानरूपी त्रिपुटी न रहे जहाँ द्वितीय वस्तुका सदैव अभाव हो वह अद्वैत है।

श्रुति उस तत्वको ‘शिव’ भी कहती है। इससे साक्षातही शिवशब्दका एवं उसमें घटित शकारका पारमार्थिकस्वरूपसे सम्बन्ध प्रदर्शित होता है। अतैव हमारी कल्पना श्रुतिमूलक है। शिव अर्थात् जो परममंगलस्वरूप है वह ही अद्वैत एवं शान्त है। दुःखका आत्यन्तिक अभाव ही मंगल है वह द्वैतके अभावमें ही सिद्ध है।

अन्य तो शीङ् स्वप्ने इस धातुसे शकारका सम्बन्ध है। जिस परमतत्वमें यह समस्त प्रपञ्च स्वकारण मायामें लीन होकर शयन करता है वही तत्व शकार पदवाच्य है। अतैव श्रुतिप्रमाणसे एवं यौगिक अर्थसे भी शिवनामघटक प्रथम शकार अवस्थात्रयातीत सर्वप्रपञ्चाधिष्ठान शान्त अद्वितीय तुरीय ब्रह्मका बोधक सिद्ध होता है।

सूत्र २.२ लयस्थानत्वाच्च शीङः।

और 'शीङ्' धातु से [जिसमें सब] शयन करते हैं, ऐसा अर्थ होने के कारण वह प्रपञ्च का लय-स्थान है।

यत्पूर्वसूत्रे शकारस्तुरीयं ब्रह्मेति प्रतिज्ञातं तदेव विशदयितुं पुनरपि शकारस्यार्थान्तरं तदपि ब्रह्मत्व एवोपकारकमत्रोच्यते।

च शब्दः पूर्वहेतुना श्रुतिप्रमाणेन सहास्य हेतोस्समुच्चयद्योतकः। शीङ् धातोर्लयस्थानत्वादपि शकारो ब्रह्म बोधयति। शीङ् धातुश्शीङ् स्वप्न इति पठ्यते। स्वप्नधातोर्हि स्वप् इत्यस्मात् स्वपनादिति भवति तच्च शयनमित्यर्थः। यस्मिन्सर्वं प्रपञ्चजातं स्वाभाविकावस्थायां लीनं भवति तदेव हि शयनम्।

ननु शीङ् धातोश्शकारमात्रस्य निष्पत्तिर्न युक्ता। सत्यम्। तथाप्यत्र शिवशब्दतत्त्वमीमांसायां शीङ् स्वप्न इति धातोश्शयनरूपोऽर्थो यश्च लयरूपस्स एवा र्थश्शकारस्य प्रतीकत्वेन स्वीक्रियते। यस्मिन्परमतत्त्वेऽयं सर्वः प्रपञ्चस्स्वपिति अर्थात् स्वकारणे मायायां लीनो भूत्वा शेते तदेव तत्त्वं शकारपदवाच्यम्।

कस्मिंस्तत्त्वे सर्वे लीनं भवति। यथा जाग्रत्प्रपञ्चस्स्वप्ने स्वप्नप्रपञ्चश्च सुषुप्तौ लीनो भवति तस्मादपि परं यत्प्रलयकाले सर्वस्य नामरूपप्रपञ्चस्याव्याकृतरूपेण यल्लयस्थानम्। यत्र समस्तं कार्यजातं कारणरूपेण शयनं करोति यस्माच्च पुनः सृष्टिः प्रभवति तदेव हि ब्रह्म। यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्मेति श्रुतेस्तैत्तिरीयोपनिषद् ३।१।

शकारो हि शीङ् धातोर्व्युत्पत्त्या तदेव तत्त्वं सूचयति यस्मिन्निदं जगच्छयनं करोति अर्थात् प्रलीयते। प्रलयकाले नामरूपे विनष्टे सति यत्केवलमवशिष्यते यदेव च समस्तस्य जगतोऽधिष्ठानं तदेव ब्रह्म।

ननु यदि शकारो लयस्थानं सूचयति तर्हि शून्यं जडं वा स्याद्यतो हि लयस्थाने न कश्चिदपि व्यापारो दृश्यते। न। यतो हि पूर्वसूत्रे तुरीयं ब्रह्मेत्युक्तम्। ब्रह्म तु चैतन्यस्वरूपम्। यदि लयस्थानं चैतन्यरहितं स्यात्तर्हि सुषुप्त्यनन्तरं सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिषमिति स्मरणं नोपपद्येत। तत्र हि सुषुप्त्यवस्थायामज्ञानं चैतन्यावभास्यमानं भवति। तद्वदेव प्रलयकालेऽपि यच्चैतन्यं सर्वस्य लयस्थानस्याधिष्ठानं भवति तदेव शकारार्थः।

अतश्शकारः केवलं लयस्थानं नापितु चैतन्यस्वरूपं सर्वप्रपञ्चस्य विलीनतां धारयत्तत्त्वम्। अनेन च ब्रह्मत्वं दृढीकृतं भवति।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वसूत्रमें जो ‘शकारपद तुरीयब्रह्मका बोधक है’ यह प्रतिज्ञाकी गई थी उसे ही पुनः शकारका अर्थान्तर बताकर विशद करते हैं।

च शब्द पूर्वहेतु श्रुतिप्रमाणके साथ इस हेतुके समुच्चयका द्योतक है। शीङ् धातु लयस्थान ब्रह्मका बोधन कराती है। **शीङ् स्वप्ने (धातुपाठ २.२६)** यह पठित है, स्वप् इससे स्वप्न की निष्पत्ति होती है शयन जिसका अर्थ है। जिसमें समस्त जातप्रपञ्च अपनी स्वाभाविक अवस्थामें लीन होता है वह ही शयन है।

शंकाहो सकती है कि शीङ् धातुसे शकार मात्रकी निष्पत्ति युक्त नहीं है, शंका सत्य होने पर भी इस शिवशब्दतत्वमीमांसाशास्त्रमें शीङ् स्वप्ने इस धातुका जो शयनरूप एवं लयरूप अर्थ है वह ही शकारार्थके प्रतीकके रूपमें ग्रहण किया गया है। [सूत्रभाष्यकारके इस कथनमें योगिनीतन्त्र प्रमाण है- **शः सव्यश्च कामरूपो कामरूपो महामतिः।**

...वृषघ्नः शयनं शान्ता सुभगा विस्फुलिङ्गिनी।

...वामोरुः पुण्डरीकात्मा कान्तिः कल्याणवाचकः ॥ (योगिनीतन्त्र ३.७)

उपर्युक्त शकारके अर्थोंमें पुण्डरीकात्मा (शुद्धब्रह्म) एवं शयन दोनों ही वर्णित हैं]

जिस परमतत्वमें यह समस्त प्रपञ्च स्वकारणीभूत मायामें लीन होकर शयन करता है वही तत्व शकारपदवाच्य है।

किस प्रकारके तत्वमें सब लीन होता है? जैसे जाग्रतप्रपञ्च स्वप्नमें स्वप्नप्रपञ्च सुषुप्तिमें लीन होता हौ वैसे ही प्रलयकालमें समस्त अव्याकृत नामरूपात्मक प्रपञ्चका जो लयस्थान है, जहाँ समस्त कार्यप्रपञ्च कारणरूपसे शयन करता है, जिससे पुनः सृष्टि होती है वह ही ब्रह्म है। इस विषयमें श्रुति भी है- **यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म (तैत्तिरियोपनिषद ३.१)**

शकार शीङ् धातुसे व्युत्पत्ति द्वारा उस तत्वको ही सूचित करता है जिसमें यह जगत शयन करता है अर्थात प्रलयको प्राप्त होता है। प्रलयकालमें नामरूपके नष्ट हो जाने पर जो केवलतत्व शेष रह जाता है, जो समस्त जगतका अधिष्ठान है वह ही ब्रह्म है।

यदि शकार लयस्थानको सूचित करता है तब वह लयस्थान शून्य अथवा जड़ होना चाहिए क्योंकि लयस्थानमें कोई व्यापार नहीं दीखता। उत्तर देते हैं कि पूर्वसूत्रमें तुरीयब्रह्म यह कहा गया है,ब्रह्म तो चैतन्यस्वरूप है, यदि लयस्थान चैतन्यरहित हो तो सुषुप्तिके अनन्तर ‘ मैं सुखसे सोया, मैंने कुछ नहीं जाना’ ऐसे स्मरणकी उपपत्ति नहीं हो पाएगी। वहीं सुषुप्ति अवस्थामें अज्ञान चैतन्यके द्वारा भासित होता है, वैसे ही प्रलयकालमें भी जो चैतन्य प्रपञ्चलयका अधिष्ठान होता है वह ही शकारका अर्थ है। अतैव शकार केवल लयस्थान नहीं अपितु चैतन्यस्वरूप समस्तप्रपञ्च को विलीन करने वाला तत्व है। इससे ब्रह्मरूपत्व दृढ़ होता है।

सूत्र २.३ न शून्यं जडं वा, प्रकाशस्वरूपत्वात् साक्षित्वोपपत्तेश्च।

यह शून्य अथवा जड़ नहीं है, क्योंकि इसका स्वरूप प्रकाशमय है और इसका साक्षी होना तर्कसिद्ध है।

ननु यत्पूर्वसूत्रे उक्तं लयस्थानत्वाच्छकारो ब्रह्मेति तत्र संशय उत्पद्यते। लयस्थाने हि सर्वस्य व्यापारस्य सर्वस्य च प्रपञ्चस्योप रामो भवति। तादृश्यवस्था तु शून्यवादिनां शून्यमिव साङ्ख्यानां वा जडप्रधानमिव प्रतिभाति। यत्र न किञ्चिज्ज्ञायते यच्च स्वयं जडं तत्कथं परमपुरुषार्थभूतं ब्रह्म भवितुमर्हतीत्याशङ्कायामिदं सूत्रमारभ्यते।

अत्रोच्यते यल्लयस्थानं शकारार्थत्वेनोक्तं तन्न शून्यं जडं वा। न शून्यवादिभिः कल्पितं सर्वोपाख्यानविरहितं शून्यं तत् नापि साङ्ख्यैः परिकल्पितमचेतनं प्रधानं तत्। कुतः। प्रकाशस्वरूपत्वात्। तस्य तत्त्वस्य स्वरूपमेव प्रकाशोऽर्थाच्चैतन्यम्। चैतन्यं हि स्वयम्प्रकाशम्। शून्यं त्वत्यन्ताभावः स कथं प्रकाशेत। जडं प्रधानं त्वचेतनमतः परप्रकाश्यं न स्वयम्प्रकाशम्। श्रुतिरपि ब्रह्मणस्स्वयञ्ज्योतिष्ट्वं दर्शयति न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति (कठोपनिषद् २।२।१५) इति। अतः यल्लयस्थानं तत्चैतन्यस्वरूपत्वान्न जडं भावस्वरूपत्वाच्च न शून्यम्।

अपरश्च हेतुः। साक्षित्वोपपत्तेश्च। च शब्दः पूर्वहेतुना सहास्य समुच्चयमाह। तस्य तत्त्वस्य साक्षित्वं ह्युपपद्यते अर्थात् युक्त्या सिद्ध्यति। कथम्। यथा सुषुप्त्यवस्थायां सर्वेष्विन्द्रियेषु मनसि बुद्धौ च लीनेषु सत्सु कश्चित्तस्या अवस्थायास्तत्रत्यस्याज्ञानस्य च साक्ष्यवश्यमङ्गीकरणीयः। अन्यथा प्रबुद्धस्य सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिषं इति स्मरणं नोपपद्येत। यस्सुषुप्तौ सुखमज्ञानं चानुभूतवान्स एव प्रबुध्य स्मरति। स चानुभवितान्तःकरणादिविलक्षणस्साक्षी आत्मा एव। यस्य साक्ष्यस्याभावस्तस्य स्मरणमेव न सम्भवति। एवमेव महाप्रलयेऽपि सर्वस्य जगतः कारणे लये सति तस्य लयस्य तत्रत्यस्य च कारणरूपस्य तमसो यस्साक्षी स एव परमेश्वरः परं ब्रह्म। यद्यसौ न स्यात्तर्हि लय एवासीदिति को वदेत्। अतस्सर्वस्य लयस्यापि साक्षित्वात्तस्य तत्त्वस्यास्तित्वं सिद्ध्यति शून्यत्वं च प्रतिक्षिप्यते।

तस्माद्यच्छकारार्थभूतं तत्त्वं तत्स्वयम्प्रकाशचैतन्यस्वरूपत्वात्तथा सुषुप्तिप्रलयाद्यवस्थानां साक्षित्वाच्च न शून्यं भवितुमर्हतीति सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वसूत्रमें जो कहा गया था कि लयस्थान होनेके कारण शकार ब्रह्मका वाचक है वहाँ संशय होता है कि लयस्थानमें समस्त व्यापार समस्त प्रपञ्चका उपरम हो जाता है। ऐसी अवस्था तो शून्यवादियोंके शून्य एवं सांख्योंके जड़प्रधानकी भाँति प्रतीत होती है। जहाँ कुछ ज्ञात नहीं होता, जो स्वयं जड़ है वह कैसे परमपुरुषार्थरूपी ब्रह्म हो सकता है? इस शंकाके निराकरण हेतु यह सूत्र आरम्भ किया जाता है।

यहाँ कहा जाता है, जो लयस्थान शकारार्थसे कहा गया है वह शून्य अथवा जड़ नहीं है। वह शून्यवादियोंके द्वारा कल्पित शून्य एवं सांख्यों द्वारा परिकल्पित अचेतन प्रधान भी नहीं है। प्रकाशस्वरुप होने के कारण। उस तत्वका स्वरूप ही प्रकाश अर्थात् चैतन्य है। चैतन्य स्वप्रकाश है,शून्य तो अत्यन्ताभाव रूप है वह कैसे प्रकाशित कर सकता है? प्रधान अचेतन है अतैव परप्रकाश्य है स्वयंप्रकाश नहीं। श्रुति भी ब्रह्मका स्वयंप्रकाशत्व बताती है- **न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति (कठोपनिषद् २.२.१५)**। अतैव जो लयस्थान है वह चैतन्य होनेके कारण जड़ नहीं एवं भावरूप होनेके कारण शून्य भी नहीं है।

दूसरा हेतु है। साक्षित्वकी उपपत्ति होनेके कारण। च शब्द पूर्वहेतुके साथ इसका समुच्चय बताता है,उस तत्वका साक्षित्व उपपन्न अर्थात् युक्तियोंद्वारा सिद्ध होता है। कैसे? जिस प्रकार सुषुप्ति अवस्थामें सभी इन्द्रियों, मन एवं बुद्धिके लीन हो जाने पर कोई उस अवस्थाका ,उसके अज्ञानका साक्षी अवश्य स्वीकार करना होगा। अन्यथा जागनेपर ‘ मैं सुखपूर्वक सोया‘ ’ मैंने कुछ नहीं जाना’ ऐसा स्मरण नहीं सम्भव होगा। सुषुप्तिमें जिस सुख एवं अज्ञानका अनुभव किया उसे ही प्रबुद्ध होने पर व्यक्ति स्मरण करता है वह अनुभव करने वाला अन्तःकरणसे विलक्षण साक्षी आत्मा ही है। जिस अवस्थाके साक्षीका अभाव है उसका स्मरण ही सम्भव नहीं। इस प्रकार समस्त जगतके लय हो जाने पर उस लयका उसके कारणरूप तमका जो साक्षी है वही ब्रह्म है। यदि ऐसा न हो तो प्रलय था ऐसा कौन कहेगा? अतैव समस्त लयका साक्षी होने के कारण उस तत्वका भावरूपत्व सिद्ध होता है एवं उसके शून्यत्वका निरास होता है।

इस प्रकार शकारका अर्थभूत तत्व स्वयंप्रकाशचैतन्यस्वरूप होने के कारण तथा सुषुप्ति प्रलय आदि अवस्थाओंके साक्षी होनेके कारण शून्य नहीं हो सकता यह सिद्ध होता है।

॥ इति शकारार्थ-निरूपणाधिकरणं समाप्तम् ॥

इकारार्थनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र ३.१ इकारो मायाशक्तिः अनिर्वचनीया।

इकार अनिर्वचनीय माया शक्ति है।

पूर्वस्मिन्नध्याये शकारस्य पारमार्थिकं निर्विशेषं तुरीयं ब्रह्मस्वरूपं निरूपितम्। ननु यदि ब्रह्मैकमेवाद्वैतं निष्क्रियं च तर्हि तस्माद्ब्रह्मण इयं विचित्रनामरूपात्मिका सृष्टिः कथं प्रादुर्भवति। निर्विकाराद्विकाराणामुत्पत्तिः कथं स्यात्। यदि च सृष्टिस्सत्यं तर्हि ब्रह्मणोऽद्वैतत्वहानिरिति संशये प्राप्ते तस्य परिहारार्थमिदानीम् इकारस्यार्थो विचार्यते।

अत्रोच्यते इकारो मायाशक्तिः। इकारः परस्य ब्रह्मणश्शकारस्य शक्तिं द्योतयति सा च मायेत्युच्यते। सेयं शक्तिर्ब्रह्मणः पृथङ्नास्त्यग्न्यौष्ण्यवत्। यथाग्नेर्दाहिका शक्तिरग्नेर्न भिन्ना तथैवेयं शक्तिरपि ब्रह्मणस्सकाशान्न भिद्यते। पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च (श्वेताश्वतर ६।८) इति श्रुतेः।

सेयमघटनघटनापटीयसी माया। यतो हि निर्विकारे ब्रह्मणि जगद्विकारं दर्शयत्यद्वितीये च द्वैतं प्रपञ्चयति। इष् धातो रिच्छावाचकत्वात् सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय (तैत्तिरीय २।६) इति श्रुतिप्रसिद्धा सृष्टिपूर्वावस्थेक्षणरूपेच्छाशक्तिरेवेकारपदेन सूच्यते।

कीदृशी सा मायाशक्तिः। अनिर्वचनीया। सा माया न सत्त्वेन निर्वक्तुं शक्या न वाऽसत्त्वेन। अतोऽनिर्वचनीया। कथम्। सा सदिति तावन्न शक्यते वक्तुं यतो हि यदि सा ब्रह्मण इव परमार्थसत्स्यात्तर्हि द्वैतापत्तिस्स्यात्तथा चैकमेवाद्वितीयमिति श्रुतिर्विरुध्येत। ज्ञानबाध्यत्वाच्च न सत्। यद्धि ज्ञानेन बाध्यते नष्टं भवति तत्परमार्थसन्न भवति रज्जुसर्पवत्।

सा असदित्यपि न शक्यते वक्तुं शशविषाणवत्। यदि हि साऽसत्स्यात्तर्हि तस्याः कार्यभूतस्य जगतः प्रतीतिरेव नोपपद्येत। असतः कार्योत्पत्तिर्न दृश्यते।

यतः सा सत्त्वेनासत्त्वेन च निर्वक्तुमशक्याऽतस्सद् सद्विलक्षणाऽनिर्वचनीयेति वेदान्तसिद्धान्तः। तस्मान्निर्विशेषे शकारवाच्ये ब्रह्मणि इयं जगद्रूपा प्रतीतिरिकारवाच्याया अनिर्वचनीयाया मायाशक्तेरेव विलासोऽस्ति न तु ब्रह्मणस्स्वरूपविकार इति सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वाध्यायमें शकारका पारमार्थिक निर्विशेष तुरीयब्रह्मस्वरूप निरूपित किया गया। शंका होती है कि यदि ब्रह्म एकमात्र अद्वितीय निष्क्रिय है तब उस ब्रह्मसे यह विचित्र नामरूपात्मकसृष्टि कैसे प्रादुर्भूत होती है? निर्विकारसे विकारोंकी उत्पत्ति कैसे सम्भव होगी? यदि सृष्टि सत्य है तो ब्रह्मके अद्वितीयत्वकी हानि होगी इस प्रकारके अनेकविध संशय प्राप्त होने पर उनके परिहार हेतु इकारके अर्थका विचार किया जाता है।

इकार मायाशक्ति है। इकार शकारपदवाच्य परब्रह्मकी शक्तिका बोधक है वह शक्ति ही माया कही जाती है। वह शक्ति ब्रह्मसे पृथक् नहीं है जैसे अग्निसे उष्णता पृथक् नहीं है। जैसे अग्निकी दाहिकाशक्ति अग्निसे भिन्न नहीं है वैसे ही ब्रह्मकी माया ब्रह्मसे भिन्न नहीं प्रतीत होती। श्रुति भी है-**पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च (श्वेताश्वतर ६.८)**

वह शक्तिही अघटितघटनाको भी सम्भव कर देनेमें निपुण माया है। वह निर्विकार ब्रह्ममें भी विकार प्रदर्शित कर देती है एवं अद्वैतब्रह्म में द्वैतप्रपञ्चको कल्पित कर देती है। इष् धातु इच्छाका वाचक होने से **सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय (तैत्तिरीय २।६)** इत्यादि श्रुतियोंमें प्रसिद्ध सृष्टिपूर्वसमयमें इक्षणरूपेच्छाशक्ति ही इकारपदसे कही जाती है।

वह मायाशक्ति कैसी है? अनिर्वचनीय है। वह माया न तो सत्य और न ही असत्य ऐसी कही जा सकती है इस कारण अनिर्वचनीय है। कैसे? वह सत् नहीं कहीं जा सकती क्योंकि यदि उसकी सत्ता ब्रह्मकी ही सत्ताके समान हो तो ब्रह्ममें द्वैतकी आपत्ति होगी एवं एकमेवाद्वितीयम् आदि श्रुतियोंका विरोध होगा। ज्ञाननिवर्त्य होने के कारण भी वह सत्य नहीं है, जो भी ज्ञानसे बाधित होता है वह परमार्थसत् नहीं होता जैसे रज्जुसर्प।

उसे शशविषाणकी भांति असत् भी नहीं कहा जा सकता। यदि वह असत् हो तो उससे कार्यभूत जगतकी प्रतीति ही संभव नहीं होती। असत् पदार्थसे कार्योत्पत्ति नहीं देखी जाती है। वह सत् और असत् दोनों प्रकारके निर्वचनसे कहे जाने योग्य नहीं है इस कारण सद्विलक्षण अनिर्वचनीय है यह ही वेदान्तसिद्धान्त है। [शंका सम्भव है कि अनिर्वचनीयत्वका लक्षण तो सदसद्विलक्षणत्व है यहाँ भाष्यकारने मायाको सद्विलक्षण क्यों कहा है तो उत्तर है यहाँ पर सत् पदका अर्थ प्रमाणसिद्धत्वम् यह करना चाहिए, मायाका बाध हो जानेके कारण वहाँ प्रमाणसिद्धत्व (सत्व) नहीं है अतैव सद्विलक्षण कहना उचित है। **[सत्त्वं च प्रमाणसिद्धत्वम् (अद्वैतसिद्धि)]**

अतैव निर्विशेष शकारवाच्य ब्रह्ममें यह जगदाकार प्रतीति इकार पदवाच्य मायाशक्तिका ही विलास है न कि ब्रह्मका स्वरूपविकार यह सिद्ध होता है।

सूत्र ३.२ इच्छावाचकत्वात् 'सोऽकामयत' इतिवत्।

यह इच्छा का वाचक है, जैसा कि "उसने कामना की" इत्यादि श्रुति में कहा गया है।

यत्पूर्वसूत्रे उक्तम् इकारो मायाशक्तिरिति तत्कथमिति हेतुरत्रोच्यते।

इकारस्य इच्छावाचकत्वात्। इष् धातोरिच्छा ईक्षणमित्यादयश्शब्दा निष्पद्यन्ते येषां मूलम् इकार एव। अत इकारश्शब्दशास्त्रप्रक्रिययेच्छाया अर्थादादिसङ्कल्पस्य वाचकः। सा चेच्छाशक्तिरेव मायायाः प्रथमं कार्यम्। निर्विकल्पे ब्रह्मणि यत्प्रथमं स्पन्दनमिव भवति येन च सृष्टिः प्रभवति सैवेच्छाशक्तिः।

ननु ब्रह्म त्वाप्तकामं पूर्णं च। तस्य कुत इच्छा सम्भवति। इच्छा ह्यपूर्णतायाः कार्यम्। यस्य किमप्यप्राप्तं भवति स एव तदिच्छति। ब्रह्मणस्तु न किञ्चिदप्राप्तम्। अत्रोच्यते सोऽकामयतेतिवत्। यथा श्रुतिर्ब्रह्मण इच्छां दर्शयति सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय (तैत्तिरीय २।६) इति।

अत्र भाष्यकारा वर्णयन्ति यदियं ब्रह्मण इच्छा न लौकिकी कामनावत्। निर्विशेषे ब्रह्मणि वस्तुतः कापीच्छा नास्ति। तथापि तस्मिन्नध्यस्ता या माया तस्यास्स्सृष्ट्युन्मुखः परिणामविशेष एव ब्रह्मण इच्छा इत्युपचर्यते। यथा निर्मलस्स्फटिकमणिर्जपाकुसुमसान्निध्याद्रक्तोऽस्मीति इच्छतीव तद्वत्।

अत यत्तदीक्षणं यच्च कामयितृत्वं तत्सर्वं मायाया एव धर्मो न तु ब्रह्मणः। किन्तु मायाया ब्रह्मणः पृथक् सत्ताभावात्तद्धर्मो ब्रह्मणि उपचर्यते। सेयमीक्षणरूपा शक्तिरेवेकारस्यार्थः।

तस्माद्यत इकारो यौगिकार्थेनेच्छाया वाचकः सा चेच्छाशक्तिस्सोऽकामयतेत्यादिश्रुतिषु सृष्टिकारकत्वेन प्रसिद्धाऽत इकारस्य मायाशक्तिवाचकत्वं युक्तमेवेति सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

यह जो पूर्वसूत्रमें कहा गया है कि इकार मायाशक्ति है वह कैसे संभव है इस सूत्रमें हेतु बताते हैं।

इकार इच्छाका वाचक है। इष् धातुसे इच्छा इक्षण आदि शब्द निष्पन्न होते हैं जिनका मूल इकार ही है। अतैव शब्दशास्त्रकी प्रक्रिया द्वारा इकार अर्थ द्वारा संकल्पका वाचक है। वह इच्छाशक्ति मायाका प्रथम कार्य है। निर्विकल्प ब्रह्ममें जो प्रथम स्पन्दन होता है, जिससे सृष्टि उत्पन्न होती है वही इच्छाशक्ति है।

शंका होती है कि ब्रह्म आप्तकाम है पूर्ण है, उसमें इच्छा कैसे सम्भव है? इच्छा तो अपूर्णताका ही कार्य है? जिसके लिए कुछ अप्राप्य हो वह ही उसकी कामना करता है, ब्रह्मको तो कुछ भी अप्राप्त नहीं है। यहाँ कहा

जाता है कि सोऽकामयत् इत्यादि के समान। जैसे श्रुति ब्रह्ममें इच्छा दर्शाती है- **सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय (तैत्तिरीय २।६)**

यहाँ भाष्यकार कहते हैं कि यह ब्रह्मकी इच्छा लौकिक कामनाकी भांति नहीं है। निर्विशेष ब्रह्ममें वस्तुतः कोई इच्छा नहीं है तब भी उसमे अध्यस्त माया उसका सृष्टिनिर्माण हेतु उन्मुख परिणामविशेष ही ब्रह्मकी इच्छा कहा जाता है। जैसे निर्मल स्वच्छ स्फटिकमणि जपापुष्पके सान्निध्यसे रक्त हूँ ऐसे इच्छा नहीं करती है, उस प्रकार ही।

अतैव जो भी ईक्षण, कामना इत्यादि कहा गया है वह सब ब्रह्माश्रित मायाके ही धर्म हैं ब्रह्मके नहीं। किन्तु मायाकी ब्रह्मसे पृथक सत्ता न होने पर उन धर्मोंका ब्रह्ममें उपचार किया जाता है, वह ही यह ईक्षणरूपा शक्ति इकारका अर्थ है।

इकार यौगिकार्थसे इच्छाका वाचक है ,वह इच्छाशक्ति सोऽकामयत् इत्यादि श्रुतियोंमें सृष्टिकारणसे प्रसिद्ध है अतैव इकारका मायाशक्तिका वाचक होना युक्त है यह सिद्ध होता है। [वर्णाभिधानतन्त्रमें भी इकार कामका वाचक है यह कहा गया है- **शान्तः कान्तः कामिनी च कामो विघ्नविनायकः**]

॥ इति इकारार्थनिरूपणाधिकरणं समाप्तम् ॥

वकारार्थनिरूपणाधिकरणम्

सूत्र ४.१ वकारः कार्यप्रपञ्चो विकारसमूहः।

वकार कार्य रूपी प्रपञ्च है, जो विकारों का समूह है।

पूर्वाधिकरणेषु शकारवाच्यं निर्विशेषं ब्रह्म इकारवाच्या च ब्रह्माश्रिताऽनिर्वचनीया मायाशक्तिर्निरूपिता। ननु यदि शकाररूपं ब्रह्म निर्विकारम् इकाररूपा च मायाशक्तिरनिर्वचनीया तर्हि कथं तस्मात् प्रत्यक्षादिरूपेण प्रतीयमानस्य विश्वस्योत्पत्तिस्स्थितिर्लयश्चोपपद्यते। इत्येवंविधसंशये सति वकारस्यार्थोऽत्र विचार्यते।

अत्रोच्यते वकारः कार्यप्रपञ्चः। वकारो विश्वस्य वाचकः। यत्किञ्चित्स्थूलं सूक्ष्मं वा कार्यरूपेण प्रतीयते यच्च पञ्चमहाभूतात्मकं त्रैलोक्यरूपं च स सर्वोऽपि कार्यप्रपञ्चो वकारपदेन सूच्यते।

कीदृशस्स कार्यप्रपञ्चः। विकारसमूहः। वकारपदं विकारस्यापि वाचकम्। यत्कार्यं भवति तत्स्वभावतो विकारी भवति। उत्पत्तिस्थितिवृद्धिपरिणामापक्षयविनाशरूपाः षड्भावविकारा हि कार्यस्य धर्माः। यथा मृदः घटो विकारस्तन्तुभ्यः पटो विकारस्तथैवेयं विचित्रसृष्टिर्ब्रह्मणोऽधिष्ठानात् प्रतीयमानो विकारसमूहः। वपुरिति पदमपि वकारवाच्यम्। यथा विराट् ब्रह्माण्डं ब्रह्मणो वपुर्व्यष्टिशरीराणि च तदंशरूपाणि तथा वकारोऽरूपस्य ब्रह्मणो रूपवती प्रतीतिः।

अत्राशङ्कते। यदि वकाररूपः कार्यप्रपञ्चश्शकाररूपस्य ब्रह्मणः कार्यं स्यात्तर्हि कारणस्य गुणः कार्ये समागच्छेत्। ब्रह्म यदि शुद्धं नित्यं चैतन्यस्वरूपं तर्हि जगत्कथमशुद्धमनित्यं जडं च स्यात्। चेतनब्रह्मणो जडप्रपञ्चस्य च विलक्षणत्वात्कार्यकारणभाव एव न सम्भवति। यदि ब्रह्म दुग्धादिवद्दध्यादिरूपेण परिणमेत तर्हि ब्रह्मापि जगदिव विकारी विनाशी च स्यात्। ब्रह्मणि विकारस्वीकारे तु कूटस्थं निर्विकारमित्यादिश्रुतयो विरुध्येरन्। इति एवं संशये सति सूत्रकारोऽग्रे समाधानं वक्ष्यति।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्व अधिकरणोंमें शकारवाच्य निर्विशेषब्रह्म और इकारवाच्य ब्रह्माश्रिता अनिर्वचनीय मायाशक्तिका निरुपण किया गया। शंका होती है कि यदि शकाररूप ब्रह्म निर्विकार है और इकारवाच्य मायाशक्ति अनिर्वचनीय है तो कैसे उससे प्रत्यक्ष प्रतीयमान जगतकी उत्पत्ति स्थिति और लय होता है? इस प्रकारके संशय होनेपर वकारके अर्थका विचार किया जाता है।

इसका समाधान है वकार कार्यप्रपञ्च है। वकार विश्वका वाचक है जो भी कुछ स्थूल-सूक्ष्म कार्यरूपसे प्रतीत होता है, जो भी पंचमहाभूतात्मक, त्रैलोक्यरूप है वह समस्त कार्यप्रपञ्च वकारपदसे ग्राह्य है।

वह कार्यप्रपञ्च किस प्रकार का है? वह विकारोंका समूह है, वकार विकारका भी वाचक है। जो भी कुछ कार्य होता है वह विकारी होता है। उत्पत्ति-स्थिति-वृद्धि-परिणाम-अपक्षय-विनाशरूप छः भावविकार कार्यका धर्म है। **[षड्भावविकारा भवन्तीति वार्ष्यायणिः । जायतेऽस्ति विपरिणमते वर्धतेऽपक्षीयते विनश्यतीति। (निरुक्त १.२)]** जैसे घट मृदाका विकार है; तन्तुओंसे पटरूपी विकार उत्पन्न होता है वैसे ही यह सृष्टि ब्रह्ममें अधिष्ठित प्रतीयमान् विकारसमूह है। वपु(शरीर) भी वकारपदवाच्य है। जैसे विराट,ब्रह्माण्ड ब्रह्मके व्यष्टिशरीर है उसके अंशरूप है, वैसे ही वकार अरूप ब्रह्ममें रूपकी प्रतीति होती है।

यहाँ पर शंका होती है कि यदि वकाररूप कार्यप्रपञ्च शकारपदवाच्य ब्रह्मका कार्य है तो कारणके गुण कार्यमें आने चाहिए? ब्रह्म यदि शुद्ध नित्य और चैतन्यरूप है तब जगत कैसे अशुद्ध,अनित्य और जड़ है? चेतनब्रह्मसे जड़प्रपञ्च अत्यंत विलक्षण होने के कारण कार्य-कारणभाव ही संभव नहीं होगा। जैसे दुग्ध दहीमें परिणत होता है यदि उस प्रकार ही ब्रह्म भी परिणामीभावको प्राप्त हो तो ब्रह्म भी जगतकी भांति विकारी और विनाशी सिद्ध होगा। ब्रह्ममें विकार स्वीकार करने पर उसका कूटस्थत्व और निर्विकारत्वबोधन करने वाली श्रुतियोंसे विरोध होगा। ऐसा संशय प्राप्त होने पर सूत्रकार अग्रिमसूत्रमें समाधान दे रहे हैं-

सूत्र ४.२ न परिणामः, विवर्तत्वात् रज्जुसर्पवत्।

यह [ब्रह्म का] परिणाम नहीं है, अपितु विवर्त (आभास) है, जैसे रस्सी में साँप का प्रतीत होना।

यत्पूर्वमाशङ्कितं ब्रह्मणो विलक्षणत्वाज्जगत्कारणत्वं न सम्भवति तथा च ब्रह्मणो विक्रियाप्रसङ्गस्स्यादिति तदनेन सूत्रेण परिह्नियते।

तत्रोच्यते यद्यपि चेतनब्रह्मणश्शकारस्यायं जडप्रपञ्चो वकारो विलक्षणस्तथापि लोकेऽपि विलक्षणेभ्योऽप्युत्पत्तिर्दृश्यते। यथाऽचेतनेभ्यो गोमयादिभ्यश्चेतनानां वृश्चिकादीनां जन्म दृश्यते। तथा च चेतनादूर्णनाभितोऽचेतनस्य तन्तुजालस्योत्पत्तिः। तस्माद्विलक्षणत्वान्न कारणत्वमिति तार्किकहेतुर्व्यभिचार्यस्ति। किञ्च ब्रह्मणश्शक्तिरचिन्त्या। पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते (श्वेताश्वतर ६।८) इति श्रुतेः। स स्वशक्त्या मायया जडरूपेण प्रतीयते।

इदानीं विक्रियाहेतोरुच्यते वस्तुतो न परिणामः। जगद्रूपः कार्यप्रपञ्चो वकारो ब्रह्मणश्शकारस्य परिणामो न भवति। परिणामो नाम कारणस्य स्वरूपं परित्यज्य कार्यात्मनावस्थानान्तरं यथा दुग्धस्य दध्यात्मना परिणामः। यदि ब्रह्म जगदात्मना परिणमेत तर्हि तस्य कूटस्थत्वं नित्यत्वं निर्विकारत्वं च बाधितं स्यात्।

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनं (श्वेताश्वतर ६।१९) इत्यादिश्रुतयश्च विरुध्येरन्। अतः परिणामवादो न युज्यते।

कथं तर्हि कार्यत्वं जगतः। उच्यते विवर्तत्वात्। विवर्तो त्वयं प्रपञ्चो न परिणामः। विवर्तो नामातत्त्वतोऽन्यथा प्रथा अर्थात् कारणस्य स्वरूपं परित्यक्तं विनैव कार्यात्मनाऽवभासनम्। कथमेतत्। रज्जुसर्पवत्। यथा मन्दान्धकारे रज्जुस्स्वस्वरूपेणैवावस्थिता सती द्वुरज्ञान त्सर्परूपेणावभासते। तत्र रज्जुर्वस्तुतस्सर्परूपेण न परिणमते। सर्पप्रतीत्या च भयकम्पादिकार्यं भवत्यतस्सर्पो नात्यन्तमेव असत्। रज्जुज्ञानेन च सर्पो बाध्यते अतस्स न परमार्थसत्। तद्वदेवैकं नित्यं शुद्धं चैतन्यस्वरूपं ब्रह्म शकारस्स्वस्वरूपेणैवावस्थितं सदविद्यामायावशाद इकारवशान्नानानामरूपात्मकजगद्रूपेण वकाररूपेणावभासते। अनेन विवर्तेन ब्रह्मणस्स्वरूपे न कापि विक्रिया न कोऽपि दोषस्स्पृशति।

शिवार्थ-विमर्शिनी

अतः वकाररूपोऽयं प्रपञ्चश्शकाररूपस्य ब्रह्मणो विवर्त एव न तु परिणामः। एवं च सति ब्रह्मणः कूटस्थत्वं जगतः कार्यत्वं चोभयमप्यविरुद्धं भवति।

यह जो पूर्वमें शंकाकी गई थी कि ब्रह्म विलक्षण होनेके कारण जगतका कारण नहीं बन सकता,उसे कारण मानने पर ब्रह्ममें विकारकी प्रसक्ति होगी इन सभी आशंकाओंका इस सूत्रसे समाधान किया जाता है।

यद्यपि चेतन ब्रह्मसे यह जड़प्रपञ्च विलक्षणहै तथापि लोकमें विलक्षणपदार्थोंमें कार्य-कारणभाव देखा जाता है। जैसे अचेतन गोबरसे चेतन वृश्चिक आदिका जन्म देखा जाता है, चेतन मकड़ीसे अचेतन जालका निर्माण देखा जाता है। इस कारण विलक्षण होनेके कारण ब्रह्म जगतका कारण नहीं हो सकता यह हेतु व्यभिचरित है। **[मृद्धटादौ समत्वेऽपि दृष्टं वृश्चिककेशयोः ॥ स्वकारणेन वैषम्यं तर्काभासो न बाधकः॥ (वैयासिकन्यायमाला)]** ब्रह्मकी शक्ति अचिन्त्य है-पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते (श्वेताश्वतर ६।८) यह श्रुति है। वह ब्रह्म स्वशक्ति मायासे जड़रूपमें प्रतीत होता है।

ब्रह्ममें विकारी होनेका प्रसंग होगा तो इसपर कहते हैं कि जगत ब्रह्मका परिणाम नहीं है। कारणका स्वस्वरूप त्यागकर कार्यरूपमें स्थित हो जाना परिणाम कहलाता है जैसे दुग्धका दहीके रूपमें परिणाम। यदि ब्रह्म जगद्रूपसे परिणत हो तो उसका कूटस्थत्व,निष्क्रियत्व, नित्यत्व बाधित होगा एवं **निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनं (श्वेताश्वतर ६.१९)** इत्यादि श्रुतियोंका भी विरोध होगा अतैव परिणामवाद युक्तिसंगत नहीं है।

जगत ब्रह्मका कार्य कैसे है? विवर्त होनेके कारण। यह प्रपञ्च ब्रह्मका विवर्त है परिणाम नहीं। अन्यतत्वका अन्य प्रकारसे अवभास ही विवर्त कहलाता है, कारणका स्वरूपत्याग किए बिना ही कार्यरूपमें भासित होना विवर्त है। वह कैसे है? इस विषयमें दृष्टांत देते हैं रज्जुसर्पकी भांति। जैसे मन्द अंधकारमें रज्जु स्वस्वरूपमें स्थित रहते हुए भी अज्ञानवश सर्पाकार भासित होती है वहाँ वस्तुतः रज्जु सर्परूपमें परिणत नहीं होती। सर्प प्रतीत होने पर भय-कंपन आदि कार्य देखा जाता है अतैव सर्प असत् भी नहीं है, रज्जुज्ञानसे सर्पका बाध हो जाता है अतैव वह सत् भी नहीं है। उस प्रकार ही नित्य शुद्ध अद्वितीयब्रह्म शकारस्वरूपसे ही अवस्थित रहकर इकारमायाके कारण नामरूपात्मक वकारपदवाच्य जगतके रूपमें भासित होता है। विवर्त होनेके कारण ब्रह्ममें कोई भी विकार, दोष आदिका संस्पर्श नहीं होता।

अतैव वकाररूप यह प्रपञ्च शकाररूप ब्रह्मका विवर्त ही है परिणाम नहीं। इस प्रकार ब्रह्मका कूटस्थत्व एवं जगतकारणत्व दोनों ही अविरुद्ध सिद्ध होता है।

सूत्र ४.३ 'वाचारम्भणं मात्रम्' इति च।

और श्रुति भी कहती है कि "विकार केवल वाणी का आरम्भण मात्र हैं"।

पूर्वं विवर्तत्वं जगतो रज्जुसर्पवदिति दृष्टान्तेनोपपादितम्। केवलं युक्तिदृष्टान्ताभ्यां त्वतीन्द्रियेषु विषयेषु न परिनिष्ठितं ज्ञानमुत्पद्यते। अतस्तमेवार्थं दृढीकर्तु मत्र साक्षाच्छ्रुतिप्रमाणमुपन्यस्यति सूत्रकारः। च शब्दः पूर्वहेतुना सह श्रुतिप्रमाणस्य समुच्चयद्योतकः।

छान्दोग्योपनिषदि उद्दालकः श्वेतकेतुं प्रति उपदिशति येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातं (छान्दोग्य ६।१।३) इति एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं प्रतिज्ञाय दृष्टान्तमाह यथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यं (छान्दोग्य ६।१।४) इति।

अस्य श्रुतिवाक्यस्यार्थः। विकारोऽर्थात् कार्यभूतो घटादिर्वाचारम्भणं नामधेयं मात्रम्। वाचा आरभ्यते आलम्ब्यते इति वाचारम्भणम्। नामैव केवलं न तु वस्तुतः कश्चित् पृथक् पदार्थोऽस्ति। घटादिषु यत्सत्यं तत्त्वं तन्मृत्तिकेत्येव सत्यम्। मृत्तिकायाः पृथग्घटस्य सत्ता नास्ति। घट इति केवलं नामधेयमात्रं व्यवहारार्थं कल्पितम्।

अयं च सिद्धान्तः प्रकृते योजनीयः। यथा मृत्तिकाया विकारो घटादिर्वाचारम्भणमात्रं तथैव ब्रह्मणश्शकारस्य विकारभूतोऽयं सर्वः प्रपञ्चो वकारोऽपि वाचारम्भणमात्रं नामधेयमात्रम्। अत्र ब्रह्मेत्येव सत्यम्। ब्रह्मणस्सकाशात्पृथग्जगतस्सत्ता नास्ति।

तस्माद्यत्पूर्वपक्षिणा आशङ्कितं ब्रह्मणो विक्रियाप्रसङ्ग इति तत्सर्वथा निरस्तम्। यतो हि विकार एव पारमार्थिकरूपेण नास्ति स केवलं नाममात्रम्। यदा विकार एव नाममात्रं तदा तत्कारणेन ब्रह्मणो विक्रियायाः प्रसङ्ग एव कुतः।

अतो वकाररूपोऽयं जगत्प्रपञ्चश्शकाररूपे ब्रह्मणि नामरूपकल्पनामात्रमिति श्रुतिप्रमाणात्सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वमें जगतका विवर्तत्व रज्जुसर्पादि दृष्टान्तों द्वारा प्रतिपादित किया गया। केवल युक्ति और दृष्टान्तके द्वारा ही अतीन्द्रिय विषयोंमें निष्ठा उत्पन्न नहीं हो पाती अतैव पूर्वोक्त अर्थको दृढ़ करने हेतु यहाँ साक्षात श्रुतिप्रमाण ही सूत्रकार प्रदर्शित कर रहे हैं। च शब्द पूर्व हेतुसे श्रुतिप्रमाणका समुच्चय दर्शाता है।

छान्दोग्योपनिषदमें उद्दालकका अपने पुत्र श्वेतकेतुके प्रति उपदेश है कि **येनाश्रुत॰ श्रुतंभवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातं (छान्दोग्य ६.१.३)** जिससे अश्रुत श्रुत हो जाता है अविज्ञात विज्ञात हो जाता है इत्यादि, एकके विज्ञानसे सभीके विज्ञानकी प्रतिज्ञा कर दृष्टान्त कहा गया है यथा **सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञात॰ स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम् ((छान्दोग्य ६.१.४)**कि ‘ जैसे एक ही मृतपिंडको जान लेने पर सभी मिट्टीके विकारोंका ज्ञान हो जाता है वैसे ही विकार केवल वाणीपर अवलम्बित नाममात्रहैं, मृत्तिका ही सत्य है” ।

इस श्रुतिवाक्यका अर्थ है कि विकार अर्थात् कार्यभूत घटादिपदार्थ वाणीपर आश्रित नामधेय मात्र हैं, वाणीके आलम्बनसे कहे जाते हैं इसलिए वाचारंभण हैं। वे केवल नाम ही हैं वस्तुतः कोई पृथक् पदार्थ नहीं। घटादिकोंमें जो सत्य तत्व है वह मृत्तिका है यही सत्य है, मृत्तिकासे पृथक घटकी सत्ता नहीं है। घट यह केवल व्यवहारहेतु कल्पित नाममात्र है।

यह सिद्धान्तही प्रकृतमें योजनीय है, जैसे मृत्तिकाके विकार घटादि वाणीके नाममात्र हैं वैसे ही शकारवाच्यब्रह्मका विकारभूत यह वकारपदवाच्य प्रपञ्च भी वाणीपर आलम्बित नाममात्र है। ब्रह्म ही सत्य है, ब्रह्मके अतिरिक्त जगतकी अन्य सत्ता नहीं है।

अतैव जो पूर्वपक्षीने शंकाकी थी कि ब्रह्मके विकारी होनेका प्रसंग होगा वह सभी तर्कोंसे निरस्त होती है, क्योंकि विकारका ही कोई पारमार्थिक अस्तित्व नहीं है वह नाममात्र है, जब विकार ही नाममात्र हो तब उसके कारण ब्रह्ममें विक्रियाका प्रसंग ही उपस्थित नहीं होता।

अतैव वकाररूप यह जगतप्रपञ्च शकाररूप ब्रह्ममें नामरूपादिकी कल्पनामात्र है यह श्रुतिप्रमाणसे सिद्ध होता है।

॥ इति वकारार्थनिरूपणाधिकरणं समाप्तम् ॥

अकारार्थ-मोक्ष-निरूपणाधिकरणम्

सूत्र ५.१ अकारो निषेधमुखेन तत्त्वबोधकः।

अकार निषेध (नेति नेति) के द्वारा परमतत्त्व का बोध कराता है।

पूर्वेष्वधिकरणेषु शकारवाच्यमधिष्ठानभूतं ब्रह्म इकारवाच्या च तत्राध्यस्ता मायाशक्तिर्वकारवाच्यश्च तत्कार्यभूतः प्रपञ्च इत्यध्यारोपक्रमो निरूपितः। इदानीं तु कैवल्यार्थं तस्य आरोपितस्य प्रपञ्चस्यापवादः कथ्यते। अपवादो नाम रज्ज्वां सर्पभ्रमस्य रज्जुमात्रज्ञानेन विलयवत्कार्यस्य कारणमात्रत्वज्ञानम्। तमिममपवादमार्ग मकारस्यार्थनिरूपणेन दर्शयति सूत्रकारः।

अत्रोच्यते अकारस्तत्त्वबोधकः। अकारस्तत्त्वस्यार्थात् पारमार्थिकस्याद्वितीयस्य शकारवाच्यस्य ब्रह्मणो बोधको भवति। केन द्वारेण बोधयतीत्युच्यते निषेधमुखेन। अ इति वर्णो लोके वेदे च प्रायशो निषेधार्थकः प्रसिद्धः। यथा नित्यमनित्यं सत्यम सत्यं ज्ञानमज्ञानमिति। तथैवात्रापि। परं ब्रह्म नेन्द्रियगोचरं न मनसो विषयः। यतो हि तत्स्वयं द्रष्टा न दृश्यम्। अत इदं ब्रह्मेति साक्षाद्विधिमुखेनोपदेष्टुं न शक्यते। तस्माच्छ्रुतिर्निषेधमुखेनैव तस्योपदेशं करोति अथात आदेशो नेति नेति बृहदारण्यक २।३।६ इति। यद्यद् दृश्यते यद्यज्ज्ञायते तत्सर्वं नेति नेतीति निषिध्य यदन्तेऽवशिष्यते तदेव ब्रह्मेति बोधयति।

अकारस्तस्यैव निषेधस्य प्रतीकः। स इकारवाच्याया मायाया वकारवाच्यस्य च तत्कार्यप्रपञ्चस्योभयोरपि निषेधं करोति। अयं प्रपञ्चो वकारः पारमार्थिको नास्ति इयं शक्तिरिकारोऽपि पारमार्थिकी नास्तीति ज्ञानमेव स बोधयति।

ननु सर्वस्मिन्निषिद्धे सति शून्यमेवावशिष्येत। न। यतो हि निषेध आरोपितस्य भवति न त्वधिष्ठानस्य। रज्ज्वां सर्पस्य निषेधे कृते सति न शून्यं भवत्यपित्वधिष्ठानभूता रज्जुरेवावशिष्यते। तथैव शकाररूपे ब्रह्मणि कल्पितस्येकारवकाररूपस्य प्रपञ्चस्याकाररूपेण ज्ञानेन निषेधे कृते सति अधिष्ठानभूतं स्वयम्प्रकाशं शकारवाच्यं ब्रह्मैव केवलमवशिष्यते।

अत अकारो ब्रह्मात्मैक्यज्ञानस्य प्रतीक यच्च ज्ञानं नेति नेतीति मार्गेण सर्वद्वैतप्रपञ्चस्य बाधं कृत्वाऽद्वितीयतत्त्वस्य साक्षात्कारं कारयति।

शिवार्थ-विमर्शिनी

पूर्वाधिकरणोंमें शकारवाच्य अधिष्ठानभूतब्रह्म ब्रह्ममें अध्यस्त इकारवाच्य मायाशक्ति , उस मायाशक्तिका कार्यभूत वकार पदवाच्य प्रपञ्च यह अध्यारोपका क्रम निरूपित किया गया। अब मोक्षहेतु उस आरोपित प्रपञ्चका अपवाद कहा जा रहा है। रज्जुमें सर्पभ्रमका रज्जुके ज्ञानमात्रसे सर्पके विलयकी भांति कार्यके कारणत्वमात्रका ज्ञान अपवाद कहलाता है। उस अपवादप्रक्रिया को ही अकारके अर्थ निरूपणद्वारा सूत्रकार दर्शा रहे हैं।

अकार तत्वका बोधक है, अकार तत्वका अर्थात् पारमार्थिक अद्वितीय ब्रह्मका बोधक होता है। किस द्वारसे बोधक होता है? निषेधमुखके द्वारा। अ वर्ण लोकमें एवं वेदमें निषेधार्थक प्रसिद्ध है। यथा नित्य-अनित्य, सत्य-असत्य, ज्ञान-अज्ञान, उस प्रकार यहाँ भी अकार निषेधका बोधक है। परब्रह्म न ही इन्द्रिय और न ही मनका विषय है, क्योंकि वह स्वयं द्रष्टा है दृश्य नहीं। अतैव ' यह ब्रह्म है' ऐसा साक्षात विधिमुखसे नहीं कहा जा सकता। इस कारण श्रुति निषेधमुखसे ही उसका उपदेश करती है- **अथात आदेशो नेति नेति (बृहदारण्यक २।३।६)** जो कुछ भी देखा जाता है, जो कुछ भी जाना जाता है वह सब नेति नेति इस प्रकारसे निषिद्ध्य होकर जो अन्तमें शेष रहता है वह ब्रह्म है।

अकार उस निषेधका ही प्रतीक है, वह इकारवाच्य मायाका एवं वकारवाच्य उसके कार्यप्रपञ्च दोनोंका निषेध करता है। यह प्रपञ्च वकार पारमार्थिक नहीं है, यह शक्ति इकार भी पारमार्थिकी नहीं है ,यह ज्ञान ही 'अ' पद कराता है।

यदि कहा जाए कि सबका निषेध हो जाने पर शून्य ही शेष रह जाएगा तो वह ठीक नहीं क्योंकि निषेध आरोपितका होता है अधिष्ठानका नहीं। रज्जुमें सर्पका निषेध किए जाने पर शून्य शेष नहीं रहता अपितु अधिष्ठानभूता रज्जु ही शेष रह जाती है। उस प्रकार ही शकाररूप ब्रह्ममें कल्पित इकार-वकाररूप प्रपञ्चका अकाररूप ज्ञानसे निषेध किए जाने पर अधिष्ठान स्वयंप्रकाश ब्रह्म ही शेष रहता है।

अतैव अकार जीवब्रह्मैक्यज्ञानका प्रतीक है जो ज्ञान नेति नेति इस मार्ग द्वारा समस्त द्वैतप्रपञ्चका बाधकर अद्वितीयतत्वका साक्षात्कार करवाता है।

सूत्र ५.२ अध्यारोपापवादाभ्यां शिव एव केवलः।

अध्यारोप (माया और विश्व का आरोपण) और अपवाद (ज्ञान द्वारा उनका निषेध) के द्वारा केवल शिव ही शेष रहते हैं।

एवं शकाराद्यकारान्तं वर्णचतुष्टयार्थं निरूप्येदानीं सूत्रकारस्समस्तस्य शास्त्रस्य तात्पर्यं साधनं फलं चास्मिन्सूत्रे उपसंहरति।

अध्यारोपापवादाभ्यां शिव एव केवलः।

अध्यारोपापवादाभ्याम्। इयं वेदान्तशास्त्रस्य प्रक्रिया। अध्यारोपस्नामातस्मिंस्तद्बुद्धिर्यथा रज्जौ सर्पबुद्धिः। प्रकृते च अद्वितीये निर्विकारे शकारवाच्ये ब्रह्मणीकारवकारवाच्यस्य नामरूपात्मकस्य प्रपञ्चस्य कल्पनाऽध्यारोपः। तस्य चाध्यारोपस्य मूलमविद्याऽर्थान्माया। अस्याध्यारोपस्य निरूपणं शिष्यस्य बोधसौकर्यार्थं क्रियते। अपवादो नाम आरोपितस्य सर्पस्य रज्जुमात्रत्वज्ञानवत्कार्यस्य कारणमात्रत्वसाक्षात्कारः। प्रकृते च अकारवाच्येन नेति नेतीति विवेकज्ञानेन कार्यभूतस्येकारवकाररूपस्य प्रपञ्चस्य कारणभूते शकाररूपे ब्रह्मणि प्रविलापनमपवादः।

एताभ्यामध्यारोपापवादाभ्यां साधनभूताभ्यां किं सिद्ध्यतीत्युच्यते शिव एव केवलः। एवकारोऽन्यस्य सर्वस्य व्यावर्तकः। केवल इति विशेषणं तस्याद्वितीयत्वं सर्वोपाधिविनिर्मुक्तत्वं च द्योतयति।

यदाऽपवादरूपेण ज्ञानेन समस्तो द्वैतप्रपञ्चो बाधितो भवति तदा किं शून्यमवशिष्यते। न। यत्तच्छकारवाच्यं यच्च शिवं अर्थात् परममङ्गलस्वरूपं यच्च सर्वस्याधिष्ठानभूतं सत्यं तदेव केवलमवशिष्यते। तदा ज्ञाताज्ञेयज्ञानरूपा त्रिपुटी न भवति। उपास्योपासकभावोऽपि न भवति। यस्य शिवस्योपासनाऽऽरब्धासीत्स एव शिवोऽहमेव स इत्यनुभवेन केवलस्सन्तिष्ठति।

कैवल्यमेव मोक्षः। स च नोत्पाद्यो नाप्यो न विकार्योऽपितु नित्यप्राप्तस्यैवाविद्यानिवृत्तिमात्रेण प्राप्तिः।

अतः अस्य समस्तस्य शास्त्रस्य प्रयोजनमध्यारोपापवादन्यायेन शिवशब्दस्य तात्त्विकार्थं प्रदर्श्य साधकस्य शिव एव केवल इति ब्रह्मात्मैक्यबोधे परिनिष्ठापनमिति सिद्धम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

इस प्रकारसे शकारसे लेकर अकार पर्यन्त चारों वर्णोंका अर्थ निरूपितकर अब सूत्रकार सम्मत शास्त्रका तात्पर्य साधन फल इस सूत्रमें उपसंहार करते हैं।

अध्यारोप-अपवाद वेदान्तशास्त्रकी प्रक्रिया है। अध्यारोपका अर्थ है अतत् वस्तुमें तत्बुद्धि जैसे रज्जुमें सर्पबुद्धि। प्रकृतमें अद्वितीय,निर्विकार शकारवाच्य परब्रह्ममें वकारवाच्य नामरूपात्मक प्रपञ्चकी कल्पना करना अध्यारोप है। उस अध्यारोपका मूल अविद्या अर्थात् माया है। इस अध्यारोपका निरूपण शिष्योंको बोधमें सुविधा हेतु किया जाता है। आरोपित सर्पके रज्जुमात्र होने की भांति कार्यके कारणत्वमात्र साक्षात्कारको ही अपवाद कहते हैं। प्रकृत् में अकारवाच्य नेति नेति इस विवेकज्ञानसे कार्यभूत इकार-वकारवाच्य प्रपञ्चका कारणभूत ब्रह्ममें लय ही अपवाद है।

इस अध्यारोप-अपवाद की प्रक्रिया द्वारा क्या सिद्ध होता है? कहते हैं केवलतत्व शिव ही सिद्ध होता है। एव पद अन्य समस्तका व्यावर्तक है। केवल विशेषण उसका अद्वितीयत्व, सर्वोपाधिविनिर्मुक्तत्व दर्शाता है।

जब अपवादरूपी ज्ञानके द्वारा समस्त द्वैतप्रपञ्च बाधित होता है तब क्या मात्र शून्य शेष रह जाता है? नहीं, शकारवाच्य जो शिव अर्थात् परममंगलस्वरूप , सर्वाधिष्ठानभूत सत्य वह ही मात्र अवशिष्ट रहता है। उस समय ज्ञाता-ज्ञेय-ज्ञानरूपी त्रिपुटी नहीं रहती, उपास्य-उपासकभाव भी नहीं रहता। साधक द्वारा जिस शिवकी उपासना आरम्भ की गई थी वह शिव मैं ही हूँ इस अनुभवमात्रमें ही साधक शेष रहता है।

कैवल्यही मोक्ष है। वह उत्पाद्य नहीं है, न ही विकार्य है अपितु नित्यप्राप्तमोक्षकी ही अविद्यानिवृत्तिमात्रसे प्राप्ति होती है।

अतैव इस समस्त शास्त्रका अध्यारोप-अपवादन्यायके द्वारा शिवशब्दका तात्विकार्थ प्रदर्शित कर साधकका **शिव एव केवलः** इस ब्रह्मात्मैक्य ज्ञानमें स्थिति ही प्रयोजन सिद्ध होता है।

सूत्र ५.३ नामनामिनोरभेदात् स्मरणमेव निदिध्यासनम्।

नाम और नामी (शिव) में अभेद होने के कारण, [शिव नाम का] स्मरण ही निदिध्यासन (गहन ध्यान) है।

एवं शिव एव केवल इति परमं तत्त्वं व्यवस्थाप्य तस्मिंस्तत्त्वे कथं परिनिष्ठा स्यात् किं वास्य शास्त्रस्य ज्ञानिनां कृते फलमिति प्रदर्शयञ्शास्त्रमुपसंहरति।

नामनामिनोरभेदात् स्मरणमेव निदिध्यासनम्।

नाम शिव इति शब्दः। नामी च तस्य शब्दस्य वाच्यभूतः पारमार्थिकश्शिवतत्त्वाख्यः पदार्थः। तयोर्नामनामिनोरभेदात्। ननु लोके तु नाम्नो नामिनश्च भेदस्स्पष्टमेव दृश्यते। अग्निरिति शब्दोच्चारणेन मुखं न दह्यते। सत्यं व्यावहारिकदृष्ट्या भेदोऽस्ति। किन्तु पारमार्थिकदृष्ट्या विशेषतो ब्रह्मविषयेऽभेद एव। यतो हि नाममपि रूपमिव मायाया एव विवर्तः। कार्यस्य कारणादनन्यत्वेन नामरूपप्रपञ्चस्य ब्रह्मणि कल्पितत्वात्तस्य च ब्रह्मणस्सकाशात्पृथक्सत्ता नास्ति। अतः परमार्थतो नामनामिनोरभेदः। यश्शिवशब्दस्स एव शिवतत्त्वम्।

यस्मादेवं तस्मात्किं भवतीत्युच्यते स्मरणमेव निदिध्यासनम्। स्मरणं नाम शिवशब्दस्यानुचिन्तनम्। निदिध्यासनं नाम विजातीयप्रत्ययानन्तरितस्सजातीयप्रत्ययप्रवाहोऽर्थादद्वितीयब्रह्मतत्त्वे चित्तस्य तैलधारावदविच्छिन्नं स्थापनम्। यच्च श्रवणमननयोः फलभूतं ज्ञाननिष्ठायाः परमं साधनम्।

अत्रायमाशयः। यस्त्वज्ञानी स केवलं शिव इति शब्दं स्मरति। यस्त्वस्य शास्त्रस्यार्थं ज्ञातवांस्तस्य कृते स्मरणं न केवलं शब्दस्मरणम्। अपि तु एकैकस्मिञ्छिवशब्दोच्चारणे शकारो निर्विशेषं ब्रह्म इकारवकारौ मायिकः प्रपञ्चोऽकारश्च तयोर्निषेध इती समस्तमध्यारोपापवादप्रक्रिया तस्य मनसि स्फुरति।

एवं च सति तस्य स्मरणमेव साक्षान्निदिध्यासनं सम्पद्यते। यत्फलं योगिनः क्लिष्टैश्चित्तवृत्तिनिरोधैः प्राप्नुवन्ति तत्फलं ज्ञानी भक्तः केवलं भगवन्नामस्मरणेन तदर्थानुसन्धानेन चानायासेन प्राप्नोति।

अतः अनेन सूत्रेण ज्ञानस्य भक्तौ भक्तेश्च ज्ञाने पर्यवसानं दर्शितम्। यस्य कृते स्मरणमेव निदिध्यासनं स एव युक्ततमौ योगी। इति शास्त्रस्य परमं रहस्यं परमं च प्रयोजनम्।

शिवार्थ-विमर्शिनी

इस प्रकारसे शिव ही केवलतत्व है इस प्रकारसे परमतत्वका निरूपण किए जाने पर उस परमतत्वमें निष्ठा कैसे उत्पन्न हो? इस शास्त्रज्ञानका क्या फल है यह प्रदर्शित कर उपसंहार करते हैं । नाम एवं नामीके अभेदका स्मरण ही निदिध्यासन है।

नाम शिव शब्द है; नामी उस शब्दका वाच्य पारमार्थिक शिवतत्व है, उन नाम और नामीका अभेद है। यदि कहा जाए कि लोकमें तो नाम एवं नामीका स्पष्ट अभेद देखने को मिलता है अग्नि इस शब्दके उच्चारण द्वारा मुख नहीं जलता तो कहते हैं कि लौकिकदृष्टिसे अवश्य नाम-नामीमें भेद है किन्तु पारमार्थिकदृष्टिसे विशेषतः ब्रह्मके विषयमें अभेद ही है क्योंकि नाम भी, रूपकी भांति मायाका विवर्त ही है। कार्यका कारणके अतिरिक्त सत्ताके न होने पर नामरूपात्मकप्रपञ्चके ब्रह्ममें कल्पित होने पर ब्रह्मके अतिरिक्त उनकी कोई भी अतिरिक्त सत्ता नहीं है। अतैव परमार्थतः नाम एवं नामीमें अभेद है। जो शिव शब्द है वह ही शिवतत्व है।

इस प्रकारसे क्या होता है तो कहते हैं कि स्मरण ही निदिध्यासन है। स्मरण शिवशब्दका पुनः-पुनः चिंतन है। विजातीयप्रत्ययोंसे हटकर सजातीयप्रत्ययमें प्रवाह अर्थात् अद्वितीयब्रह्ममें मनका तैलधाराके समान अनवरत् स्थापन होना निदिध्यासन है: जो श्रवणमननकी फलभूत ज्ञाननिष्ठाका परम साधन है।

यहाँ यह आशय है कि जो व्यक्ति अज्ञानी है वह केवल शिव' इस शब्दमात्रका स्मरण करता है। इस शास्त्रसे शिवपदका अर्थ जानकर किया गया स्मरण तो केवल शब्दस्मरण नहीं है अपितु एक-एक शिवशब्दके उच्चारण पर शकार निर्विशेषब्रह्म, इकारवकार माया एवं प्रपञ्च एवं अकार उन दोनोंका निषेध यह समस्त अध्यारोप-अपवाद प्रक्रिया उनके हृदयमें स्फुरित होती है।

ऐसा होने पर उसका स्मरण ही साक्षात निदिध्यासनका हेतु होता है। जो फल योगी क्लिष्ट चित्तवृत्तियोंके निरोधद्वारा प्राप्त करते हैं वही फल ज्ञानीभक्त केवल भगवन्नामके स्मरण एवं उसके अर्थानुसन्धान द्वारा अनायास ही प्राप्त कर लेता है।

अतैव इस सूत्रसे ज्ञानका भक्तिमें एवं भक्तिका ज्ञानमें पर्यवसान दर्शाया गया है। जिसके लिए स्मरण ही निदिध्यासन है वह ही उत्तम योगी है। यह ही शास्त्रका परमरहस्य एवं परमप्रयोजन है।

॥ इति अकारार्थमोक्षनिरूपणाधिकरणं समाप्तम् ॥

॥ इति श्रीराजराजेश्वरानन्दनाथकृत् शिवशब्दतत्त्वमीमांसा शास्त्रं सम्पूर्णम् ॥

शिवशब्दब्रह्माष्टकम्

अथातः शिवतत्त्वस्य जिज्ञासां प्रब्रवीम्यहम्।
यस्याः सम्यक् प्रबोधेन परं तत्त्वं प्रकाशते॥ १ ॥

सगुणोपासकानां सः साकारो भक्तवत्सलः।
निर्गुणो ज्ञानमार्गाणां परब्रह्मस्वरूपकः॥ २ ॥

शकारस्तत्पदं शान्तं तुरीयं साक्षिरूपिणम्।
यस्मिन् सर्वमिदं शेते तल्लयस्थानमुच्यते॥ ३ ॥

इकारो मायाशक्तिर्हि अनिर्वाच्य स्वरूपतः।
'बहुस्याम्' इति संकल्पो यस्मात्सृष्टिः प्रवर्तते॥ ४ ॥

वकारो विश्वरूपोऽयं प्रपञ्चो नामरूपवान्।
विवर्तो ब्रह्मणः सोऽयं न विकारो हि रज्जुवत्॥ ५ ॥

अकारो बाधको ज्ञेयो 'नेति नेति' स्वरूपकः।
मायाकार्यस्य सर्वस्य निषेधो येन जायते॥ ६ ॥

अध्यारोपापवादाभ्यां तत्त्वं निर्णीयते परम्।
मायाविश्वविनाशे च शिव एवहि केवलः॥ ७ ॥

नाम्नो नामिनश्चाभेदात् स्मरणं ध्यानमुच्यते।
तत्त्वार्थचिन्तनादेव साक्षाद् ब्रह्म प्रपश्यति॥ ८ ॥

॥ इति श्रीराजराजेश्वरानन्दनाथकृत् शिवशब्दब्रह्माष्टकम् ॥